धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार

23.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 43



12 फिल्म क्रैक में काम करेंगी नोरा फतेही

SURJABASHA

## इसरो ने कहा- सही ढंग से बढ़ रहा मिशन, दुनिया भर की निगाहें चंद्रयान-3 पर

# आज चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग को तैयार

- पूरा देश उत्सुक, बड़ी अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरेगा भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जैसे-जैसे चंद्रयान 3 के सॉफ्ट लैंडिंग का समय करीब आ रहा है, इसके प्रति लोगों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। देश भर में पूजा-पाठ और हवन कार्यक्रम लोगों ने शुरू कर दिया है। लैंडिंग बुधवार शाम 6 बजकर चार मिनट पर होगी। भारत के वैज्ञानिकों, आम लोगों की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर इस महत्वाकांक्षी मिशन पर है।

एक बात तो तय है कि एक बार सॉफ्ट लैंडिंग हासिल कर लेने के बाद देश अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में शामिल होकर एक बड़ी अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरेगा।

**आखिरी के मिनट काफी महत्वपूर्ण :** बुधवार को देश के लिए आखिरी के 20 मिनट बड़ी मुश्किल से बीतेंगे जब विक्रम लैंडर शाम को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करने के लिए जायेगा। भारत का चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास प्रज्ञान रोवर के साथ विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास करके इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी यात्रा के अंतिम बीस से पच्चीस मिनट रोमांचकारी क्षण होंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### सबकुछ ठीक-ठाक है : इसरो

इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के तय समय से एक दिन पहले मंगलवार को कहा कि चंद्रयान-3 मिशन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रहा है। यहां 'इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क' (आईएसटीआरएसी) में स्थित 'मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स' में उत्साह का माहौल है। लैंडिंग संचालन का लाइव टेलीकास्ट बुधवार को 17 :20 बजे से शुरू होगा। लैंडिंग के लाइव एक्शन इसरो की वेबसाइट और इसके चैनल, फेसबुक और सार्वजनिक प्रसारक डीडी नेशनल टीवी पर 23 को 17 :27 बजे से उपलब्ध होंगे।



चंद्रयान ने भेजी चांद के साथ-साथ पृथ्वी की खूबसूरत तस्वीर।

**नयी तस्वीरें भेजीं :** मिशन के अपडेट के साथ, इसरो ने लगभग 70 किमी की ऊंचाई से लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा द्वारा कैप्चर किये गये चंद्रमा की छवियों को भी जारी किया है। ये चित्र एक ऑनबोर्ड मून संदर्भ मानचित्र के खिलाफ मिलान करके अपनी स्थिति (अक्षांश और देशांतर) को निर्धारित करने में लैंडर मॉड्यूल की सहायता करते हैं। भारत के पास चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने का बड़ा अवसर है।

### परिवर्तन भी संभव

इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक नीलेश एम देसाई ने कहा कि 'चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने से दो घंटे पहले, हम लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा की स्थितियों के आधार पर इस पर निर्णय लेंगे कि उस समय इसे उतारना उचित होगा या नहीं। यदि कोई कारक अनुकूल नहीं लगता है, तो हम 27 अगस्त को मॉड्यूल को चंद्रमा पर उतार देंगे। वहीं, नेहरू तारामंडल के ओपी गुप्ता ने भी कहा कि यदि कोई कठिनाई आती है और परिस्थितियां अनुपयुक्त होती हैं, तो इसरो ने इसे चार और दिनों तक बनाये रखने के लिए पर्याप्त ईंधन रखा है। विक्रम लैंडर में लगा हाई रेजोल्यूशन कैमरा शुरूआत में 25 किमी की ऊंचाई से सुरक्षित लैंडिंग के लिए सतह की निगरानी करेगा। उम्मीद है कि उपयुक्त जगह मिलने के बाद यह समय पर लैंड करेगा।

## न्यूज डायरी

### वैद्य की हत्या कर घर जलाया, एक अगवा

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के कोल्हान जंगल में सोमवार रात को नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने एक ग्रामीण वैद्य की हत्या कर दी, जबकि एक ग्रामीण का घर भी जला दिया है। कुछ ग्रामीणों का नक्सलियों ने अपहरण भी कर लिया है। सोमवार रात नक्सलियों ने टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातु के वैद्य सुपायी मुंडकेन की हत्या कर दी है।

### सात फर्जी विजिलेंस अधिकारी गिरफ्तार

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र स्थित गोपालगंज मोड़ के पास से अंतर्राज्यीय गिरोह के सात लुटेरे पकड़े गये। इसे लेकर मंगलवार को निरसा थाना में प्रेस वार्ता हुई। जिसमें पुलिस ने गिरोह के बारे में कुछ अहम खुलासे किये हैं। निरसा डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि नकली विजिलेंस अधिकारी बन वाहन चालकों से वसूली कर रहे सात लोग गिरफ्तार किये गये हैं।

### दुनिया की सबसे महंगी कार लॉन्च

**नयी दिल्ली।** रोल्स रॉयस को ग्लोबली लॉन्च कर दिया गया है। इस कार की कीमत 30 मिलियन डॉलर (लगभग 250 करोड़ रुपये) से अधिक है। यह दुनिया की सबसे महंगी कार है। यह 2 सीटर कार है। कंपनी ने इसे 4 साल की कड़ी मेहनत के बाद तैयार किया है।

### दक्षिण अफ्रीका में पीएम मोदी को बांधी गयी राखी

**जोहान्सबर्ग।** ब्रिक्स का 15वां शिखर सम्मेलन जोहान्सबर्ग में शुरू हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए चीन और ब्राजील के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री पहुंचे हैं। जहां दक्षिण अफ्रीका के आर्य समाज की अध्यक्ष आरती नानकचंद शानंद ने जोहान्सबर्ग में पीएम मोदी को राखी बांधी।

### जो दारू-ताड़ी से बैन हटाये, उसे वोट दें : मांझी

**गया।** बिहार में शराबबंदी को लेकर पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा कि ऐसा कानून नहीं चाहिए। गया के वजीरगंज में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चुनाव में जैसे भी उनकी पार्टी आयेगी, वह घूम-घूमकर गरीबों को बतायेंगे कि जो पार्टी दारू, बालू, ताड़ी से प्रतिबंध हटायेगी, उसी को वोट देना है।

### सिकनी में की लोगों की पिटाई से एक की मौत

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी गांव में अज्ञात लोगों की पिटाइ से जरियो के 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत मामला सामने आया है। घटना में व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही रजरप्पा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भ्जेज दिया। जानकारी के अनसिार मृतक की पहचान शमशाद अंसारी, पिता अशरफ अंसारी के रूप में की गयी। ग्रामीणों ने चोर समझकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। घटना को लेकर पुलिस ने कई अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया है। रजरप्पा थाना प्रभारी एच एन सिंह ने कहा कि उसपर पूर्व में कुछ मामले दर्ज थे।

### अमरनाथ यात्रियों को निशाना बनाने की साजिश

**जम्मू-कश्मीर।** नगरोटा में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम कर दी गई है। नगरोटा में सुरक्षाबलों ने आइइडी डिफ्यूज किया है।ये माना जा रहा है कि अमरनाथ यात्री इस विस्फोट के निशाने पर हो सकते हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

# पीओके में घुसे इंडियन कमांडो कई आतंकी कैंप तबाह, आठ ढेर


## आतंकी साजिश की पुख्ता सूचना मिलने पर की कार्रवाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आंकियों की ओर से किसी बड़ी साजिश की पुख्ता सूचना मिलते ही भारतीय सैन्य कमांडो ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर एक बार फिर आतंकी कैंप को तबाह कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय कमांडो ने राजौरी व पुंछ जिलों के मध्य से नियंत्रण रेखा के पार जाकर पीओके के कोटली के नकयाल में सक्रिय आतंकियों के चार लांचिंग पैड को तबाह कर दिया है। भारतीय कमांडो की इस कार्रवाई में 8 आतंकियों के मारे जाने की भी सूचना है। आतंकियों के शिविरों पर बड़ी कार्रवाई के लिए 12 से 15 कमांडो ने शनिवार रात पैदल ही सीमा पार की थी। आतंकी कैंप तबाह करने के बाद सभी जांबाज सकुशल वापस लौट आये हैं। सेना ने बताया कि ये सर्जिकल स्ट्राइक नहीं थी, एहतियातन मजबूरी में आतंकी शिविरों के खिलाफ ये कदम उठाना पड़ा।

**सर्जिकल स्ट्राइक नहीं, आतंकी घुसपैठ रोकी :** भारतीय रक्षा मंत्रालय ने सर्जिकल स्ट्राइक के दावों का खंडन करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। कहा कि यह कोई सर्जिकल स्ट्राइक नहीं थी, जैसा कि दावा किया गया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करते देखा गया था, जिन्हें भारतीय कमांडो ने सफलतापूर्वक रोक दिया था।

### बड़े हमले की तैयारी में थे आतंकी



सैन्य सूत्रों के मुताबिक, पीओके में मौजूद आतंकी कैंप में बड़े आतंकी हमले की तैयारी की जा रही थी। यह हमला राजौरी या पुंछ में किया जा सकता था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को पुख्ता सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गयी। सुरक्षा एजेंसियों को पुख्ता सूचना मिली थी कि एलओसी के पार इन लांचिंग पैड में बड़े हमले की योजना तैयार की जा रही है। इन लांचिंग पैड पर पाकिस्तानी सेना, उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ और बैट टीम की हलचल भी बढ़ गयी थी। वहीं पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली जिले के पुलिस अधीक्षक रियाज मुगल ने कहा है कि भारतीय सेना की गोलीबारी में खेत में काम कर रहे एक बुजुर्ग की मौत हुई है। पाकिस्तान पिछली बार की तरह अभी भी आतंकी गतिविधियों को छिपाने का प्रयास कर रहा है।

## मंडाविया से बोले बादल, झारखंड में फिर सुखाड़ की आशंका

# फ्रेट रेट में संशोधन कर राहत दे केंद्र : कृषि मंत्री

- तीन शहरों में रैक प्वाइंट का निर्माण करायें
- उचित मूल्य और समय पर किसानों को खाद दें
- साहेबगंज, लोहरदगा जमशेदपुर या चाईबासा में रैक प्वाइंट जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया के साथ हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा कि इस वर्ष भी झारखंड के कई जिले सुखाड़ की चपेट में हैं।

पहले राज्य में जहां तीन- चार वर्षों के अंतराल में सुखाड़ होता था, वहीं अब पर्यावरण असंतुलन की वजह से लगातार यह दूसरा वर्ष है, जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष किसानों की बात रखते हुए कहा कि किसानों को उचित कीमत और समय पर खाद उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके लिए साहेबगंज, लोहरदगा और जमशेदपुर अथवा चाईबासा में रैक प्वाइंट का निर्माण अति आवश्यक है। कृषि मंत्री मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित कांफ्रेंस हॉल में केंद्रीय मंत्री से वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत कर रहे थे। श्री बादल ने केंद्र से अपील की कि फ्रेट रेट में संशोधन कर झारखंड जैसे सेमी हिल एरिया को राहत दी जाये।

नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक फार्मिंग के संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि झारखंड राज्य पूर्व से ही ऑर्गेनिक फार्मिंग की ओर कदम बढ़ा चुका है। साथ ही नैनो यूरिया का एक नया प्लांट झारखंड में लगाया गया है। श्री बादल ने कहा कि सल्फर कोटेड यूरिया अगर केंद्र सरकार उपलब्ध कराती है, तो किसानों के बीच उसे लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### बीमा कंपनियों को चेताया



कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए कृषि बीमा कंपनियों को भी चेताया है। कहा है कि पिछली बार कृषि बीमा करने वाली कंपनियों ने मुआवजा देते के वक्त धोखाधड़ी की थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार नयी शर्तों के साथ बीमा कंपनियां काम करेंगी।

# गुरुजी और अविनाश पांडेय भी करेंगे चुनाव प्रचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव पांच सितंबर को है। सत्ता और विपक्ष पूरी जोर लगा रहे हैं। यह सीट दोनों पक्षों के लिए कई मायनों में खासा महत्व रखता है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चुनाव में फतह के लिए स्व जगरनाथ महतो के काफी करीबी रहे शिबू सोरेन ने क्षेत्र में उतरने का निर्णय लिया है। पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व खुद गुरुजी करेंगे। इतना ही नहीं नये गठबंधन इंडिया के करीब-करीब सभी दलों के नेता चुनाव अभियान में उतरेंगे। पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची तैयार कर ली है। इसमें गठबंधन दल के कई नेता शामिल हैं। कुल 36 नेता इस चुनावी अभियान का मोर्चा विभिन्न क्षेत्रों में संभालेंगे। इसके अतिरिक्त जो नेता स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं, वह भी डुमरी में प्रचार करेंगे।

**डुमरी उपचुनाव**

गठबंधन के स्टार प्रचारकों में झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष एवं राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन, पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष व सीएम हेमंत सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, समेत आलमगीर आलम, राजेश ठाकुर, झामुमो के चंपई सोरेन, हफीजुल हसन, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

# राष्ट्रपति से मिले झारखंड समेत अन्य राज्यों के 460 बच्चे

- अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन, संग्रहालय देखा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के एकलव्य मॉडल आवसीय विद्यालय में पढ़ रहे 460 छात्रों (इएमआरएस) को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के दौरा करने का मौका मिला। इन बच्चों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। यह कार्यक्रम जनजातीय मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति की ओर से आयोजित की गयी थी। छात्रों के साथ एकलव्य विद्यालय के 40 शिक्षक भी इस भ्रमण पर हैं। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री बिंदेश्वर टुडू उपस्थित थे। अपने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और पुस्तकालय का दौरा भी किया। छात्रों से साथ राष्ट्रपति ने मुलाकात की और यह एक यादगार मुलाकात बन गयी।

### एकलव्य स्कूल के छात्रों से मुंडा ने किया संवाद

आदिवासी इलाके के छात्रों को बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय केंद्र सरकार ने शुरू किया है। इन स्कूलों में छात्रों को कैसी शिक्षा और सुविधा मिल रही है, इसे लेकर केंद्रीय आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने छात्रों के अनुभव को जानने का प्रयास किया। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के लगभग 460 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल के छात्रों के साथ मुंडा ने संवाद कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि ऐसे प्रयासों से छात्रों को प्रेरणा और सफल जीवन जीने की ऊर्जा मिलती है। हमारी कोशिश एकलव्य स्कूल के बच्चों को देश के बेहतरीन स्कूल में मिलने वाली सुविधा मुहैया कराना है। इस दौरान छात्रों ने भी अपने अनुभव को साझा किया। विभिन्न राज्यों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से आदिवासी युवाओं की समग्र शिक्षा मुहैया कराने का काम किया जा रहा है।

## सरकार और नगर निगम को हाइकोर्ट का निर्देश

# जलस्रोतों के पास से अतिक्रमण शीघ्र हटायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के जलस्त्रोतों के पास अतिक्रमण एवं शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर दाखिल जनहित याचिका की पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी समेत अन्य जलस्त्रोतों के आसपास यदि कोई अतिक्रमण है तो उसे अविलंब हटाया जाये, इसके अलावा इन जलस्त्रोतों में सॉलिड एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने की भी समुचित व्यवस्था की जाये। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है साथ ही अगली सुनवाई में नगर आयुक्त को वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने का आदेश दिया। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले वाटर बॉडी के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर कई पहल की गयी है। (शेष पेज 11 पर)




# देश के पहले वीमेंस एशिया चैंपियनशिप की गवाह बनेगी रांची

- चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक
- दिलीप तिर्की और भोलानाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार
- मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में होगा चैंपियनशिप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेशनल गेम हॉकी को लेकर झारखंड एक कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। भारत में पहली बार हो रहे वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की मेजवानी रांची (झारखंड) को मिली है। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में इसका आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक किया जायेगा। भारत में पहली बार इस बड़े टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। 6 देश इसमें भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 21 मुकाबले होंगे और हर दिन तीन मैच खेला जायेगा। आयोजकों के अनुसार इसमें दर्शकों की फ्री इंट्री रहेगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नाम इस बार झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 होगा। यह इस टूर्नामेंट का सातवां संस्करण होगा। इस टूर्नामेंट में मेजबान भारत के अलावा मौजूदा चैंपियन जापान, उपविजेता कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड हिस्सा लेंगे। भारतीय महिला टीम ने 2016 में यह खिताब जीता था और 2018 में संस्करण में वे उपविजेता रही थीं।

(शेष पेज 11 पर)



**इंट्री फ्री, पहले आओ, पहले पाओ :** रांची में एशिया की टॉप महिला हॉकी खिलाड़ियों का महाजुटान होगा। रांची। भारतीय टीम में झारखंड की चार महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मैच का आयोजन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक होगा। सबसे अहम बात है कि टिकट की कोई जरूरत नहीं होगी। पहले आओ और सीट पाओ का सिस्टम लागू रहेगा। स्टेडियम की क्षमता 7000 दर्शकों की है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दर्शकों को सीट मिलेगी। वीआईपी एरिया में पास के माध्यम से इंट्री होगी।

**सीएम हेमंत के प्रति आभार जताया**

दिलीप तिर्की और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उनके प्रयास से ही संभव हो पाया है। तिर्की ने कहा कि मैं झारखंड में हॉकी के विकास और प्रचार-प्रसार के प्रति उनके अटूट समर्थन और सहयोग के लिए हॉकी इंडिया की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं। खेल मंत्री हफीजुल हसन ने इस प्रस्तावित आयोजन के लिए सीएम को धन्यवाद दिया। महासचिव भोलानाथ सिंह ने भगवान बिरसा की धरती पर इतना बड़ा आयोजन लाने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को बधाई का पात्र बताया। कहा कि पिछले दिनों ओडिशा में हॉकी के फाइनल मैच के दौरान जब सीएम श्री सोरेन के समक्ष ऐसे आयोजन का प्रस्ताव रखा, तो उसी वक्त उन्होंने हामी भर दी।

# जस्टिस इकबाल की जमीन कब्जाने वाले ने किया सरेंडर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस स्व एमवाई इकबाल की फतेहउल्लाह रोड स्थित जमीन हड़पने की कोशिश करने के मामले में फरार आरोपी शाहनवाज अली उर्फ कंजा गद्दी ने मंगलवार को न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की अदालत में अपने अधिवक्ता के साथ पहुंचकर सरेंडर किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया है। इस मामले में आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। लोअर बाजार पुलिस ने उसके खिलाफ कुर्की जब्ती करने का आदेश भी प्राप्त करने वाली थी। ठीक इससे पहले उसने कोर्ट में सरेंडर किया। हालांकि, मामले के जांच अधिकारी उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबाव डाल रहे थे। उसी दबाव के कारण सरेंडर किया। इस मामले में भू-माफिया जुनैद रजा उर्फ चुन्ना को पुलिस से 26 जून को पुलिस ने गिरफ्तार की थी। मालूम हो कि हाईकोर्ट ने अखबारों में छपी खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुये रांची एसएसपी एवं गृह विभाग से जवाब मांगा था। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुये कहा कि शहर के बीचो-बीच दिन की चकाचौंध में भू-माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना बेहद गंभीर मामला है।

# पीएम और सीएम को पोस्टकार्ड भेज बच्चों ने स्वर्णरेखा और हरमू नदी को बचाने की अपील की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची की लाइफ लाइन कही जाने वाली हरमू नदी और स्वर्ण रेखा नदी को बचाने के लिए विभिन्न समाजिक संगठनों का प्रयास लगातार जारी है। इसके बावजूद दोनों नदियां दिन प्रतिदिन सिमटती जा रही हैं। नदियों को सिमटते देख रांची के रहने वाले सुधीर शर्मा ने हरमू नदी और स्वर्ण रेखा नदी को बचाने के लिए एक मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत वह स्कूली बच्चों के माध्यम से पोस्टकार्ड पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखवा कर उसे पोस्ट करवा रहे हैं। इस मुहिम की शुरूआत मंगलवार को किशोरगंज के एलपी पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा करवाई गई। एलपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्ट कार्ड पर संदेश लिख कर झारखंड की नदियों को बचाने की अपील की। मुहिम का नेतृत्व कर रहे सुधीर शर्मा के प्रयास को सफल बनाने के लिए एलपी पब्लिक स्कूल के बच्चों और वहां के प्रबंधन ने उनकी भरपूर मदद करने की बात कही।



### भेजे गये 650 पोस्टकार्ड, पहल रहेगी जारी

सुधीर शर्मा बताते हैं कि यह मुहिम मंगलवार से शुरू हुई है। पहले दिन लगभग 650 पोस्ट कार्ड प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजे गये है। यह तब तक भेजे जाएंगे जब तक पीएम या फिर सीएम की तरफ से कोई जवाब ना मिल जाए। उन्होंने बताया कि स्वर्ण रेखा नदी के पास 21 शिवलिंग हैं, जो धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं। पूरे राजधानी और देशवासियों के लिए यह एक धरोहर है। लेकिन आज के भागम भाग के दौर और बढ़ रहे प्रदूषण की वजह से देशवासियों की धरोहर समाप्त हो रहे हैं।

**बच्चे कर रहे नदियों को बचाने की अपील :** प्रधानमंत्री को संदेश भेजने वाली एक छात्रा ने कहा कि जो स्थिति झारखंड की नदियों की हो गई है ऐसे में आने वाले दिनों में नई पीढ़ी को काफी दिक्कत होगी। पानी के बगैर जीवन की कल्पना करना मुश्किल है इसलिएस्वर्ण रेखा और हरमू नदी को बचाने की अपील कर रहे हैं।

### राजभवन में संस्थान के 21 विद्यार्थियों को दिया लैपटॉप

# देश में बीआइटी सिंदरी का रहा है गौरवशाली इतिहास : राज्यपाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज भवन में मंगलवार को अनंत प्रयास संस्था के सहयोग से बीआइटी सिंदरी में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान 21 विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के अथक परिश्रम एवं त्याग का ही परिणाम है कि आज हमारे देश में उच्च स्तर के संस्थान हैं। इसमें बीआईटी सिंदरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा से उच्च संस्थानों में कार्य कर रहे हैं।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि जिस प्रकार आपको शिक्षण के लिए सहायता प्राप्त हो रहा है, अपेक्षा है कि आप भी उसी प्रकार शिक्षा प्राप्त करने के बाद समाज की मदद करेंगे। हम सबका दायित्व है कि हम न सिर्फ समाज एवं राष्ट्र बल्कि मानवता के प्रति भी हर संभव योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विगत दिनों आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्साहवर्द्धन से हमारे वैज्ञानिकों ने कम समय में कोविड का टीका विकसित किया।

मालूम हो कि बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ सिंदरी, जुमनी एसोसिएशन की शाखा अनंत प्रयास के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 21 छात्रों को लैपटॉप राज्यपाल के कर कमलों से उपलब्ध कराया गया। इस संस्था द्वारा अबतक 193 लैपटॉप का वितरण किया गया है।

### उत्तर प्रदेश के रेड लाइट एरिया से रांची की नाबालिग का किया गया रेस्क्यू

# पड़ोसी ने ही महिला दलाल के हाथों किया था नाबालिग लड़की का सौदा, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर इलाके से गायब एक नाबालिग लड़की को उत्तर प्रदेश के रेड लाइट एरिया से बरामद किया गया है। नाबालिग लड़की को उसके ही पड़ोसी के द्वारा एक महिला दलाल के पास भेज दिया गया था। यूपी पुलिस के साथ की गई रेड में महिला दलाल के पास फंसी हुई कई लड़कियों को भी छुड़ाया गया है। अपको बता दें कि 13 अगस्त को रांची के सुखदेव नगर थाने में नाबालिग के परिजनों ने अपनी बेटी के गायब होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग को गायब करने का आरोप ज्वाला प्रसाद नाम के व्यक्ति पर लगाया था। ज्वाला प्रसाद नाबालिग के पड़ोस में ही रहता था। सुखदेव नगर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी तो उन्हें यह जानकारी मिली कि नाबालिग को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर स्थित कासिया बाजार में एक महिला दलाल के पास बेचा गया है।

### छापामारी में नाबालिग के साथ अन्य लड़कियां भी मुक्त



सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सुखदेव नगर थाने की एक टीम जब यूपी के कासिया बाजार पहुंची और उन्होंने स्थानीय पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। जिस महिला दलाल के बारे में यूपी पुलिस को जानकारी दी गई थी उसे लेकर यूपी पुलिस के पास भी कुछ जानकारी थीं, जिसमें यह था कि महिला दलाल जिस्मफरोशी के धंधे में लिप्त है और बाहर से लड़कियों को मंगा कर अपने पास रखती है और उन्हें जिस्म के कारोबार के दलदल में धकेल देती है। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद यूपी पुलिस के साथ रांची पुलिस ने महिला के ठिकाने पर रेड किया, जहां से न सिर्फ रांची की नाबालिग को बरामद किया गया बल्कि वहां कुछ अन्य लड़कियां भी जो विभिन्न शहरों से आई हुई थीं उन्हें भी मुक्त करवा लिया गया। फिलहाल महिला दलाल यूपी पुलिस की हिरासत में है।

### रांची से गिरफ्तार हुआ आरोपी

नाबालिग को मुक्त कराने के बाद रांची पुलिस ने रांची में गुप्त स्थान पर छिपकर रह रहे ज्वाला प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। वह नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और वहां महिला दलाल के पास छोड़कर वापस आ गया था। सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार नाबालिग को गलत हाथों में जाने से पहले ही सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता है।

# रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार समेत चार अधिकारियों को समन

### पीआईओ, लॉ कॉलेज के पूर्व डाइरेक्टर, पूर्व प्रॉक्टर को समन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज के प्रोफेसर नियुक्ति में मेरिट लिस्ट में छेड़छाड़ और फेरबदल करने के मामले में रजिस्ट्रार मुकुंद चंद्र मेहता समेत चार अधिकारियों ने अदालत ने समन जारी किया है। अदालत ने 31 अगस्त को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जिन्में सम्मन जारी किया गया है, उनमें सूचना जनसंपर्क अधिकारी धीरेंद्र त्रिपाठी, तत्कालिक अपीलीय अधिकारी त्रिवेणी नाथ साहू (वर्तमान में झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति), तत्कालीन डायरेक्टर इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडिज रांची यूनिवर्सिटी के विजय सिंह को भेजा गया है। उक्त समन सिविल जज राजकुमार पांडेय ने भेजा है।

गौरतलब हो कि 2021 में प्रोफेसर नियुक्ति में फेरबदल करने का आरोप, आरटीआई के तहत गलत जबाव देने के मामले में अदालत में एक याचिका 2022 में दायर की गई थी। दायर याचिका की प्राथी रूचि सिंह हैं। उन्होंने अदालत को बताया था कि यूनिवर्सिटी में गैरकानूनी कार्य हो रहे हैं, जो विद्यार्थियों के लिए नुकसानदायक है। चूंकि रांची विवि का नाम एक अच्छे विवि में आता है, उनकी गरिमा को भी धूमिल करने का प्रयास है।

# जेल में बंद व्यवसायी विष्णु अग्रवाल हुए बीमार, रिम्स में भर्ती, मेडिकल बोर्ड गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** होटवार जेल में बंद कारोबारी विष्णु अग्रवाल को मंगलवार को रिम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें अनियंत्रित शुगर, ब्लड प्रेशर, श्वांस लेने में समस्या और पेट के निचले भाग में सूजन के बाद रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के पहले तल्ले पर भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। कारोबारी विष्णु अग्रवाल का इलाज मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति की देखरेख में हो रहा है। उन्होंने कहा है कि विष्णु अग्रवाल का प्रारंभिक चरण में इलाज के बाद दवाइयां दी गयी हैं। जांच में सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी, अल्ट्रासाउंड, ब्लड शुगर, ईसीजी, इको और यूरिन टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का इलाज होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व से भी विष्णु अग्रवाल बीमारियों से ग्रसित है। वे दवाई का सेवन कर रहे हैं।

**विष्णु अग्रवाल की पत्नी से 26 को इडी करेगी पूछताछ :** गौरतलब हो कि चार दिन पूर्व रांची में जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने न्यूक्लियस मॉल के गिरफ्तार संचालक विष्णु अग्रवाल की पत्नी अनुश्री अग्रवाल को समन जारी किया है। इडी ने अनुश्री को आगामी 26 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। अनुश्री अग्रवाल को भेजा गया पहला समन है। इडी उनसे चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ करेगी। जांच के क्रम में इडी को पता चला है कि चेशायर होम रोड की जमीन के लिए रुपयों का भुगतान में किन लोगों ने सहयोग किया। उस जमीन को फर्जी रैयत पुनीत भार्गव ने ही विष्णु अग्रवाल व उनकी पत्नी अनुश्री अग्रवाल को दो सेल डीड से जमीन की बिक्री की थी। जमीन का फर्जी कागजात बनाकर राजेश राय ने इम्तियाज अहमद व भरत प्रसाद को पावर ऑफ अटार्नी दिया था। इसके बाद दोनों ने 6 फरवरी 2021 को पुनीत भार्गव को रजिस्ट्री की थी। डीड के अनुसार पुनीत भार्गव ने 1 करोड़ 78 लाख 55 हजार 800 रुपये का भुगतान किया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 25 साल कैद

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी अभियुक्त बेड़ो के मुर्तो निवासी एल्बिस तिग्गा को 25 साल कैद की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने नहीं देने पर अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने अभियुक्त को पोक्सो एक्ट में यह सजा सुनाई है। मालूम हो कि अदालत ने उक्त आरोप में 14 अगस्त को दोषी ठहराया था। अभियुक्त पर नाबालिग के साथ जबरदस्ती करने का आरोप था। घटना को लेकर 28 दिसंबर 2019 को बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के दूसरे दिन 29 दिसंबर 2019 को पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## खबर एक नजर में

### योजना एवं विकास विभाग में संयुक्त सचिव बनीं जाधव विजया



**रांची।** राज्य सरकार ने 2015 बैच की आईएएस अधिकारी व पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत जाधव विजया नारायण राव को योजना एवं विकास विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

### 25 अगस्त को सीसीएल अस्पताल में हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर



**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर रांची में 25 अगस्त को सुबह 9 बजे से नि:शुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर लगाया जायेगा। शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव राठी हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। इस शिविर में कोई भी आ सकता है। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट हों, तो उसे साथ लाने को कहा गया है। ज्ञात हो कि सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन में सीसीएल अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए संकल्पित है।

### दलित शोषण मुक्ति मंच 2 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक संविधान बचाओ भीम संदेश यात्रा अभियान

**रांची।** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) की झारखंड राज्य कमेटी की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव बालक पासवान भी उपस्थित रहे। राज्य महासचिव दिनेश रविदास ने केन्द्रीय कमेटी में लिये गये महत्वपूर्ण फैसलों पर प्रतिवेदन रखा। अमल आजाद ने कहा कि केन्द्र सरकार बाबा साहब के द्वारा निर्मित संविधान को बदलने की तैयारी कर रही है। भंते जैनेंद्र तथागत ने मंच के जनाधार को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर को दलितों के ज्वलंत मुद्दों पर जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा। 2 अक्टूबर से छह दिसंबर तक संविधान बचाओ-देश बचाओ भीम संदेश यात्रा दो चरणों में पूरे राज्य में निकाली जायेगी। साथ ही राज्यपाल से एक प्रतिनिधिमंडल मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में शिवालिक पासवान, सुकुमार बाउरी, रामनरेश महतो,प्रवीण कुमार पाठक सहित विभिन्न जिलों से आए राज्य कमिटी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# डीसी ने सामाजिक सुरक्षा कोषांग के दस्तावेजों को दुरुस्त करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रवि शंकर मिश्रा मौजूद थे। उपायुक्त ने जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रोकड़ पंजी, सहायक रोकड़ पंजी, आवंटन पंजी, समाधान पंजी, पेंशन भुगतान प्रक्रिया की संचिका व विपत्रों की जांच की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वालम्बन प्रोत्साहन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना में मिलने वाली राशि लाभुकों को हर महीने की पांच तारीख के पूर्व पेंशन भुगतान कराने को कहा।

# डुमरी विस उपचुनाव: आजसू और जेएमएम का काला चेहरा सबके सामने उजागर करेंगे : सूर्य सिंह बेसरा

### झारखंडी खतियानी मोर्चा ने आजसू पर उसके प्रत्याशी को हाईजैक करने का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर झारखंडी खतियानी मोर्चा ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ चुनावी गठबंधन किया है। मंगलवार को

### झारखंडी खतियानी मोर्चा ने एआइएमआइएम के साथ किया चुनावी गठबंधन

सूर्य सिंह बेसरा के साथ एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष साकिर अली ने संयुक्त रूप से रांची के पुराने विधानसभा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। कहा कि झारखंड में तीसरे विकल्प के लिए एआइएमआइएम के साथ गठबंधन किया गया है। सूर्य सिंह बेसरा ने आजसू पार्टी के सुदेश महतो पर जेकेएम के प्रत्याशी बैजनाथ महतो को हाईजैक करने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि आजसू के पूर्व जिलाध्यक्ष बैजनाथ महतो ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में पार्टी का टिकट नहीं मिलने पर झारखंडी खतियानी मोर्चा की ओर से नामांकन दाखिल किया था। बाद में आजसू के मनाने पर उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया। बेसरा ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में आजसू पार्टी और जेएमएम का काला चेहरा सबके सामने उजागर करेंगे। इमाम सफी ने कहा कि झारखंडी खतियान मोर्चा में अन्य घटक दलों को शामिल करेंगे। एआइएमआइएम ने डुमरी से अब्दुल मोबिन रिजवी को अपनी पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर उतारा है। मौके पर मंसूर आलम, राजकुमार मिंज, रवि पीटर, रकीब आलम, सुधीर मुंडु, ललित महतो आदि मौजूद रहे।

# पलामू के कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा की पत्नी रांची में सूद पर लगाती है पैसे, वसूली के लिए रखे हैं गुंडे

### रांची में लेडी डॉन के नाम से है मशहूर, घर में लगाया है सीसीटीवी कैमरा, 2008 में आर्म्स रखने के आरोप में जा चुकी है जेल

**कुबेर सिंह**

**रांची।** नाम रिया सिन्हा उर्फ सोनम। उम्र 32 साल। फितरत रंगदारी और सूद पर पैसे लगा कर 8 से 10 प्रतिशत ब्याज वसूलना। जो शख्स तय समय पर उसके रुपए वापस नहीं कर पाया उसकी खैर नहीं। कर्जदार की संपत्ति पर कब्जा करना रिया का पुराना शगल (शौक) है। पलामू के कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया पर यह भी आरोप है कि वह अपने पति सुजीत और उसके गुर्गे को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ पुलिस अफसरों को मैनेज भी करती है। स्नातक तक पढ़ाई करनेवाली रिया रांची के अपराध जगत में लेडी डॉन के नाम से मशहूर है। उसकी आपराधिक गाथा थानों में दर्ज है। पंडरा पुलिस, सुखदेवनगर थाना पुलिस उसे मारपीट करने और आर्म्स रखने के आरोप में जेल भेज चुकी है।

### पंडरा ओपी में रिया के खिलाफ दर्ज हैं पांच आपराधिक मामले

काफी मशक्कत के बाद रिया सिन्हा उर्फ सोनम पर आर्म्स एक्ट के पांच मामले दर्ज हैं। रिया सिन्हा व उसकी टीम वैसे लोगों को सूद पर पैसे देती है, जिससे वह पैसे वसूल सके। पैसे न वसूल पाने की स्थिति में वह जेल में बंद सुजीत सिन्हा को वीडियो कॉल कर पूरी जानकारी देती है।

### शादी के जेवर गिरवी रख कर्ज लिया, फिर इन पैसों को मार्केट में लगाया

अवधेश कुमार सिंह उर्फ शिव शंकर की बेटी रिया सिन्हा उर्फ सोनम पुलिस के समक्ष खुलासा कर चुकी है कि जब वह 12वीं कक्षा में पढ़ती थी, तभी पलामू के रहनेवाले टुनटुन सिंह के माध्यम से सुजीत सिन्हा से उसका परिचय हुआ। पलामू जिले के रेड़मा थाना क्षेत्र के रहनेवाले कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा के साथ 26.3.2009 में उसकी शादी हुई। शादी के बाद टुनटुन सिंह उसके मामा ससुर हो गए। सुजीत से उसे तीन साल का एक बेटा है। पति के जेल चले जाने के बाद घर का खर्च बेहतर तरीके से चलाने के लिए रिया ने विवाह के समय मिले जेवर को गिरवी रख कर हरमू और रातू रोड स्थित दो फाइनेंस कंपनी से 25 लाख रुपए लोन लिया। वहीं बीच-बीच में उसका पति भी उसे पैसा भेजा करता था। इन पैसों को रिया ने 8 और 10 प्रतिशत ब्याज पर सूद पर रुपए देना शुरू कर दिया। रुपए उधार देने के एवज में वह ब्लैंक चेक, जमीन के कागजात या अन्य कोई वस्तु मोरगेज के तौर पर रख लेती है। सूद पर पैसा लेने वालों से वह स्टांप पेपर और सादे कागज पर बांड लिखवा लेती है। रिया मुख्य रूप से पंडरा में रहनेवाले लोगों को ही सूद पर पैसा दिया करती है।

### राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, 5 सितंबर को होगा मतदान, 8 सितबर को मतगणना

# डुमरी उपचुनाव : प्रचार को लेकर एनडीए और आइएनडीआइए ने राजनीतिक महारथियों को मैदान में उतारने का बनाया मन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री और जेएमएम के वरिष्ठ नेता रहे जगरनाथ महतो की मृत्यु के बाद खाली हुए विधानसभा सीट डुमरी पर 5 सितंबर को उपचुनाव है। इसको लेकर चुनाव प्रचार मंगलवार से शुरू हो गया। इस जंग में छह उम्मीदवार हैं। मंगलवार से शुरू हुए चुनाव प्रचार में एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरी आजसू पार्टी की यशोदा देवी के पक्ष में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रचार अभियान में उतर चुके हैं। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो नमांकन के समय से ही आजसू प्रत्याशी को जिताने की मुहिम में जुट चुके हैं।

वहीं दूसरी ओर डुमरी विस उपचुनाव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने चुनावी फतह के लिए स्व. जगरनाथ महतो के काफी करीबी रहे शिबू सोरेन को क्षेत्र में प्रचार करने के लिए उतारने का निर्णय लिया है। पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व खुद शिबू सोरेन करेंगे। इतना ही नहीं जेएमएम बीजेपी को हराने के लिए बनी नये गठबंधन आइएनडीआइए (इंडिया) के करीब-करीब सभी दलों के नेताओं को चुनावी अभियान में उतारने की तैयारी कर चुकी है। जेएमएम ने स्टार प्रचारकों की सूची तैयार कर ली है। जिसमें इंडिया गठबंधन दल के कई नेताओं को शामिल किया गया है। कुल 36 नेता इस चुनावी अभियान का मोर्चा विभिन्न क्षेत्रों में संभालेंगे। बतातें चलें कि जगरनाथ महतो के निधन के बाद डुमरी विधानसभा सीट खाली हो गयी। इसके बाद पार्टी ने उनकी पत्नी बेबी देवी को पहले ही मंत्री बनाकर चुनावी मैदान में उतार दिया है।

**सबसे कम उम्मीदवारों के बीच है मुकाबला :** सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। इस दौरान 2 उम्मीदवारों बैजनाथ महतो और लैलुन निशा ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद डुमरी उपचुनाव की जंग में अब केवल 6 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। इस सीट पर हो रहे किसी भी चुनाव में यह सबसे कम उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होने जा रहा है। सोमवार को नाम वापसी के बाद बचे 6 उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिया गया है। चुनाव में जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी को तीर कमान, आजसू पार्टी उम्मीदवार यशोदा देवी को केला, एआइएमआइएम के उम्मीदवार अब्दुल मोमिन रिजवी को पतंग के अलावा तीन निर्दलीय उम्मीदवार कमल प्रसाद साहू को सेब, नारायण गिरी को अलमारी और रोशन लाल तुरी को बाल्टी चुनाव चिह्न मिला है।

**जेएमएम ने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओं को बनाया स्टार प्रचारक :** सरकार और इंडिया गठबंधन में शामिल सभी मंत्री, विधायक और विभिन्न दलों के नेता स्टार प्रचारक होंगे। इसमें झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो के मंत्री चंपई सोरेन, हफीजुल हसन, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर, कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, राजद नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक सरफराज अहमद, बंसत सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, मथुरा प्रसाद महतो, सीता सोरेन, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, कुमार जयमंगलम, दीपिका सिंह पांडेय, माले विधायक विनोद सिंह आदि शामिल हैं। इसके अलावा राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, जदयू प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो, झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, योंगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद पिंटू, कांग्रेस नेता ममता देवी, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित संजय यादव, निजामुद्दीन अंसारी को भी जेएमएम ने स्टार प्रचारक की लिस्ट में शामिल किया है।

# विश्वविद्यालय बने भ्रष्टाचार के अड्डे : हाशमी

## प्रदेश एनएसयूआइ ने दिया राजभवन के समक्ष धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं छात्रों के विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को झारखंड एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना को संबोधित करते हुए एनएसयूआइ (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा कि झारखंड के विश्वविद्यालयों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा छात्रों के कार्यों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से विश्वविद्यालय में काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द पूरे राज्य में छात्र संघ चुनाव कराने का काम करे। वहीं, झारखंड के सभी डिग्री कॉलेज में पुनः इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू करवाने के लिए पहल करे। साथ ही, सीयूइटी के साथ-साथ नामांकन की पुरानी व्यवस्था भी बहाल करे। इस मौके पर एनएसयूआई ने 10 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा।



राजभवन के समक्ष मंगलवार को धरना देते एनएसयूआइ के सदस्य। साथ हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय।

### धरना में ये लोग थे शामिल

**पूर्व केंद्रीय मंत्री** सुबोधकांत सहाय, एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, रांची महानगर जिला अध्यक्ष कुमार राजा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉक्टर राकेश किरण महतो, राष्ट्रीय महासचिव युवा कांग्रेस सनी सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिकेत राज, प्रदेश महासचिव प्रताप शेखर, प्रदेश सचिव रोहित पांडे, रांची कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमन अहमद, धनबाद जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, लोहरदगा जिला अध्यक्ष विनय ऑराव, चतरा जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, गुमला कार्यकारी जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार, देवघर जिला अध्यक्ष नसीम हुसैन, राष्ट्रीय संयोजक सोशल मीडिया सिद्धार्थ राज, जैद अहमद अंसारी, रवि पासवान, अंकित कुमार,देवेंद्र पासवान, मोइन अंसारी, अमन प्रसाद, सोहेल अली, पवन कुमार, साहिल सिद्दीकी, तालिब हुसैन, चंदन कुमार, अनुज शर्मा, विशाल कुमार,अंसारी शोएब, अंसारी सरफराज, अहमद मोहम्मद, इमरान, मोहम्मद, शाहबान अंसारी, आशीष रोशन समेत 300 से अधिक छात्र मौजूद थे।

## पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा उलिहातू : उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को उलिहातू के विकास को लेकर बैठक की गयी। इसमें उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को उचित कार्य योजना के आधार पर उलिहातू के समग्र विकास का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना से जनजातीय विकास के उद्देश्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में विकास के आवश्यक मानकों पर चर्चा की गई। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पेयजल, बिजली, रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र और पर्यटन विकास शामिल है। इन सभी मानकों में उत्तरोत्तर सुधार सुनिश्चित करते हुए उलिहातु का समग्र विकास किया जायेगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य उप केंद्रों को क्रियाशील करें एवं लोगों को स्थानीय स्तर पर सुगम रूप से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं।

# एदार ए शरिया का जागरूकता सह समाज सुधार अधिवेशन 11 नवंबर से

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड के तत्वावधान में खानकाहे मुनअमिया मजहरिया फिरदौस नगर रांची में मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसका संचालन नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय एदार ए शरिया के तत्वावधान में गत 13 दिसंबर 2022 से बिहार के बेतिया से प्रारंभ एदार ए शरिया जागरूकता सह समाज सुधार अधिवेशन के पांचवें चरण के बीच झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में अधिवेशन आयोजित करने का है।

बैठक में मौलाना रिजवी ने बताया कि देश विशेष कर बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा के मुस्लिम समुदाय के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित अधिवेशन चारों राज्यों के प्रत्येक जिलों में आयोजित कर जागरूकता लाने का है। बैठक में सभी सम्मानित उलेमा, इमाम व बुद्धिजीवियों ने केंद्रीय एदार ए शरिया से जारी कार्यक्रम के अनुसार 11-16 नवंबर 2023 तक अधिवेशन करने पर बल दिया। जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 नवंबर राजधनवार, 12 नवंबर बेरमो, 13 नवंबर हजारीबाग, 14 नवंबर चतरा, 15 नवंबर गढ़वा, 16 नवंबर मेदिनीनगर पलामू में एदार ए शरिया तहरीके बेदारी सह समाज सुधारक अधिवेशन होगा। इसमें देश का जाने-माने विद्वान भाग लेंगे। बैठक में मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना डॉक्टर ताजुद्दीन रजवी, कारी अय्युब रिजवी, मौलाना गुलाम फारुक मिसबाही, मौलाना आबिद रजा फैजी, मौलाना मसउद फरीदी शहर काजी, मौलाना शेर मोहम्मद, कारी ताबे आलम, कारी मुजीबुर रहमान, मौलाना सैयद शाह अबुराफे तिबरानी, मौलाना दिलदार मिसबाही, कारी आफताब, कारी नुर आलम, अकीलुर रहमान, मो. असलाम, मौलाना नुर आलम फैजी, मौलाना नेजामुद्दीन मिस्बाही आदि शामिल थे।



बैठक में भाग लेते लोग।

# अशोक नगर मंदिर में हुआ महाआरती का आयोजन



अशोक नगर मंदिर में महाआरती में भाग लेते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अशोक नगर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा नागपंचमी पर बनारस की गंगा आरती के तर्ज पर महादेव की महाआरती का आयोजन किया गया। इस महाआरती को देखने के लिए अशोक नगर और आसपास के क्षेत्र से कई श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पहुंचे।

कार्यक्रम का उद्घाटन गणेश वंदना के साथ विधि विधान से किया गया। इसके बाद पंडित पियूष पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, अजय पांडे, कृष्णा श्रीवास्तव, प्रवीण नंदन सहाय, मनोरंजन कुंअर एवं राजीव रंजन का मुख्य योगदान रहा।

उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा गया और इसी कारण से अब अशोक नगर मंदिर प्रांगण में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से किये जायेंगे।

# रैयतों ने किया अरगोड़ा अंचल का घेराव, सीओ से वार्ता आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेना द्वारा रैयती जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ रैयतों व ग्रामीणों ने अरगोड़ा अंचल का घेराव किया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास के गांव हुंडरू, पोखर टोली, खोखमा टोली, हाराटांड़, हेथू, डाडी डीपा, गढ़हा टोली आदि में स्थानीय सेना द्वारा रैयत्ती जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण व तोड़फोड़ किए जाने के खिलाफ मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के बैनर तले रैयतों व ग्रामीणों ने अरगोड़ा अंचल कार्यालय का लगभग ढाई घंटे तक घेराव किया। लोगों ने सेना के इस अवैध कार्रवाई पर अविलंब रोक लगाने व जमीन विवाद का अभिलंब निराकरण की मांग की।

घेराव प्रदर्शन के दौरान कार्यालय का कामकाज ठप रहा कार्यक्रम के माध्यम से सात सूत्री मांग पत्र अंचल निरीक्षक को सौंपा गया। जिस पर अरगोड़ा सीओ व ग्रामीणों के 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल के साथ 24 अगस्त को सुबह 11:00 बजे वार्ता होगी। 7 सूत्री मांगों में 1-सेना द्वारा रैयती जमीन पर अतिक्रमण व तोड़फोड़ की अवैध कार्रवाई पर आविलंब रोक लगाने 2- ग्रामीण व रैयतों तथा सेना के बीच कायम जमीन विवाद का अस्थाई निराकरण करने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के समय सिर्फ युद्ध कार्य के लिए अस्थाई रूप से ब्रिटिश सरकार द्वारा ली गई जमीन अविलंब रैयतों को विधिवत वापस करने अथवा सेना के दखलवाली जमीन का विधिवत अधिग्रहण कर रैयतों को मुआवजा, नौकरी व विभिन्न बुनियादी नागरिक सुविधाओं सहित पुनर्वास का लाभ देने 3- सेना द्वारा सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, हुंडरू तालाब सौंदर्यीकरण, खोखमा टोली देवठान पूजा व जतरा स्थल का सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास योजनाओं के कार्यान्वयन पर बाधा डालने के अवैध कार्रवाई पर रोक लगाने और 4- अरगोड़ा आंचल में जमीन के खतियान एवं पंजी 2 के ऑनलाइन रिकॉर्ड में गड़बड़ियों को सुधार करने और जमीन के परमिशन व म्यूटेशन कार्यों में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और कैंप लगाकर ऑनलाइन रिकॉर्ड सुधार करने आदि मांगे प्रमुख हैं।

घेराव के दौरान अंचल कार्यालय के प्रांगण में सभा हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष अजीत उरांव व संचालन सचिव प्रकाश टोप्पो ने किया। घेराव कार्यक्रम में मोर्चा के महासचिव सुरेश गोप संरक्षक सुखनाथ लोहरा, पूर्व पार्षद पुष्पा तिर्की, रोकना कच्छप जॉर्ज लिंडा, छोटेलाल गोप, कमल किशोर झा, झारखंड क्षेत्रीय पड़हा समिति के संयोजक कर्मा कमल लिंडा, झरिया उरांव, राधे तिर्की, शनि मुंडा, रविंद्र कच्छप, विजय कच्छप, अरुण गोप करमा कच्छप, रोहित तिर्की, आलोक लकड़ा, गोईंदी कच्छप, नांदिया कच्छप, तेतरा उरांव, संजय लिंडा, पुतुल कच्छप, अमन कुजूर सहित सैकड़ो महिला-पुरुष शामिल थे।



अरगोड़ा अंचल कार्यालय का घेराव करते ग्रामीण।

# केएन मलिक स्कूल में बच्चों के लिए लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने केएन मलिक स्कूल में बच्चों के बीच नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के तत्वावधान में कोकर स्थित केएन मलिक स्कूल में छात्र छात्राओ के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर 200 से अधिक बच्चो का नेत्र जांच कर उचित परामर्श भी दिया गया। बच्चों को नेत्र संबंधी बचाव के लिये कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। इस अवसर पर लायंस क्लब ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, रतन अग्रवाल, आशुतोष द्विवेदी, राम कृष्ण, कृष्ण गोपालका, पंकज कुमार, नरेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी है।




नेत्र जांच शिविर में मौजूद बच्चे व अन्य लोग।

# विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में राखी बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची के परिसर में मंगलवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा एक से पांच, छह से आठ, नवम और दशम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी में रखा गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनायी गयी राखी देश के वीर सैनिकों को डाक द्वारा भेजा जायेगा, जो अपने परिवार से दूर रहते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं।

वर्ग चार और पांच से रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी ने प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। सीनियर वर्ग के बच्चों में श्रेया तिग्गा, अलीफा प्रवीण, मानसी, शिखा तिर्की ने पुरस्कार हासिल किया। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्या रेखा देवी, सचिव विकास गौरव, कोऑर्डिनेटर अंशु तिवारी, शिक्षक संजोय पाठक, नितेश कुमार, पम्मी आदर्श, पूजा, साक्षी जायसवाल, आरती शर्मा, रेशमा बेगम, अविनाश कुमार सिंह, शकुंतला सिंह, विश्वजीत, अभिजीत, नेहा, निशा का योगदान सराहनीय रहा।



प्रतियोगिता में बनायी गयी राखी को दिखाते विद्यार्थी।

# टीपीसी एरिया कमांडर का भतीजा निकला पैरवीकार विवेक भगत!

## अपहरण की थी अफवाह, लातेहार पुलिस की हिरासत में मिला, रिहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिस पैरवीकार के अपहरण करने की अफवाह रांची में उड़ी। पैरवीकार को लातेहार पुलिस अपने साथ ले गई है। लातेहार पुलिस कोयला कारोबारी राजेन्द्र साहू हत्याकांड की जांच कर रही है। जांच के क्रम में पुलिस को पता चला है कि पैरवीकार विवेक कुमार भगत टीपीसी एरिया कमांडर का भतीजा है। इसी सिलसिले में पूछताछ करने के लिए पुलिस सादे वेश में उसके चुटिया स्थित घर पहुंची थी। पुलिस विवेक को अपने साथ ले गई।

पुलिस को आशंका है कि राजेन्द्र साहू हत्याकांड की जांच में विवेक की संलिप्तता है। सोमवार की शाम पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस सूत्रों की माने तो दोबारा नोटिस भेज पूछताछ किया जा सकता है।

मूलरूप से लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के केरी गांव निवासी विवेक भगत वर्तमान में रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में रहता है। विवेक भगत के चाचा टीपीसी से जुड़े रहे है। ऐसे में पुलिस को विवेक भगत के भी टीपीसी से जुड़े होने का शक है। पुलिस मामले को लेकर कई बिंदुओं पर फिलहाल जांच कर रही है। गौरतलब हो कि विवेक भगत के परिजनों ने आशंका जताई थी कि किडनैपिंग कर लिया गया है।

## भाजमो के विरोध के बाद डीएफओ ने लगायी रोक

# रांची में बगैर एनओसी के काटे जा रहे पेड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मेन रोड में सैनिक मार्केट वेलफेयर सिनेमा हॉल परिसर में 25 साल पुराने पेड़ों को काट दिया गया। आठ पेड़ पूर्व में काटे जा चुके हैं। पेड़ काटने के लिए ठेकेदार के द्वारा वन विभाग से एनओसी भी नहीं लिया गया।

मंगलवार को पेड़ काटे जाने की सूचना भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने विरोध जताया। विरोध जताने पर डीएफओ ने तत्काल पेड़ काटने की कार्रवाई पर रोक लगा दी।

इधर, धर्मेंद्र तिवारी का कहना है कि एक तरफ सरकार वृक्षारोपण के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ शहर के बीचों-बीच 25 साल पुराने पेड़ों को बेरहमी से काटने का काम चल रहा है। हार्ट ऑफ द सिटी कहे जाने वाले सैनिक मार्केट वेलफेयर सिनेमा हॉल क्षेत्र में मंगलवार को तीन पेड़ काट दिये गए। दो माह पहले भी आठ पेड़ काटे गए थे और भी पेड़ काटने की योजना थी। धर्मेंद्र तिवारी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सैनिक मार्केट परिसर के पार्किंग एरिया में 50 नए पेड़ लगाए गये हैं, क्योंकि इनकी जरूरत थी। उन्होंने बताया कि एक तरफ तो पेड़ लगाए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ 25 साल पुराने पेड़ों को काटा जा रहा है। ये पेड़ इसलिए काटे जा रहे हैं ताकि वहां शापिंग मॉल बनाया जा सके। यह बिल्कुल गलत है। श्री तिवारी के अनुसार, सैनिक कल्याण निदेशालय ने उन्हें बताया कि पेड़ कटवाने का काम वन विभाग करवा रहा है। जब उन्होंने डीएफओ से बात की तो उन्होंने कहा कि निदेशालय झूठ बोल रहा है। वन विभाग ने कोई भी पेड़ काटने का आदेश नहीं दिया है। । पहले एक आदेश दिया भी गया था जो बाद में निरस्त कर दिया गया है। धर्मेंद्र तिवारी ने सैनिक कल्याण निदेशालय शॉपिंग मॉल बनवाने के लिए गलत तरीके से पेड़ कटवा रहा है, उन्होंने इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत और पेड़ लगवाए ताकि पूरे झारखंड में पर्यावरण शुद्ध रहे।



# चंद्रयान 3 मिशन में खूंटी के वैज्ञानिक सोहन यादव भी शामिल

## तोरपा-तपकरा के लोगों में काफी उत्साह, सॉफ्ट लैंडिंग के लिए कर रहे भगवान से प्रार्थना

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** पूरे देश की नजर चंद्रयान 3 के चांद पर लैंडिंग पर है। इसरो के अनुसार बुधवार को भारतीय समयानुसार शाम छह बजकर चार मिनट पर सॉफ्ट लैंडिंग की संभावना है। चंद्रयान 3 मिशन में तोरपा प्रखंड के तपकरा गांव निवासी वैज्ञानिक सोहन यादव भी शामिल है। इसे लेकर तोरपा तपकरा के लोगों में काफी उत्साह है। लोग चंद्रयान के सॉफ्ट लैंडिंग के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

मंगलवार शाम तोरपा मेन रोड स्थित महावीर मंदिर में स्थानीय युवाओं ने चंद्रयान की सफलता के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। ऋषभ, विशाल, रौनक ने कहा कि हम सभी चंद्रयान तीन की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण मिशन में हमारे क्षेत्र का वैज्ञानिक भी शामिल है, यह हम सब के लिए गर्व की बात है।

**ट्रक ड्राइवर का बेटा है सोहन :** कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई कर तपकरा जैसे छोटे से गांव का सोहन वैज्ञानिक बना है। पिछले सात साल से इसरो से जुड़ा है। एक ट्रक ड्राइवर का बेटा सोहन का इसरो तक पहुंचना काफी रोमांचक है। गरीब परिवार में जन्मा सोहन ने कभी नही सोंचा था वह वैज्ञानिक बनेगा। मां देवकी देवी बताती हैं कि सोहन बचपन से ही काफी होनहार था। सोहन ने तपकरा स्थित शिशु मंदिर में प्राथमिक शिक्षा हासिल की। इसके बाद दसवीं तक की शिक्षा सरकारी स्कूल में की। मैट्रिक के बाद प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई और हॉस्टल में रहने के कारण खर्च को लेकर काफी परेशानी हुई। पिता घुरा यादव ट्रक ड्राइवर थे। महीने में मुश्किल से छह से सात हजार रुपये कमा पाते थे। इसी में परिवार चलाना व पढ़ाई का खर्च उठाना पड़ रहा था। पर पिता ने पढ़ाई में गरीबी को बाधा नहीं बनने दिया। जवाहर नवोदय विधालय मेसरा, डीएवी बरियातू पढ़ाई की। इसके बाद इंडियन इंस्टीटयूट आर्फ स्पेस साइंस एडं टेक्नोलॉजी केरल में इंजीनियरिंग करने के बाद 2016 में इसरो से जुड़ा।



मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे लोग।

### सोहन की मां आज करेंगी विशेष पूजा

**वैज्ञानिक** सोहन यादव की मां देवकी देवी चंद्रयान तीन के सफल लैंडिंग एवं बेटे की कामयाबी की कामना को लेकर बुधवार को विशेष पूजा करेंगी। उन्होंने बताया कि वे कल दिन भर उपवास रहकर मंदिरों में जाकर पूजा करेंगे। शाम में टीवी में लाइव प्रसारण देखेंगे।

# पारस अस्पताल में सर्जरी कर गर्भाशय से निकाला बड़ा ट्यूमर


खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल के चितरंजन से एक 35 वर्षीय महिला अपना इलाज कराने रांची आयी थी। वह पिछले 6 महीने से अत्यधिक रक्तस्राव और पेट में दर्द से परेशान थी। वह गंभीर स्थिति में रांची के पारस एचइसी अस्पताल आयी थी। अस्पताल में डॉ अंशु अग्रवाल ने जांच में पाया की महिला के पेट में एक बहुत बड़े आकार (12 गुणा 12 सेमी) का ट्यूमर (फाइब्रॉइड) है (इस कारण महिला को पीरियड्स के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होता था और उसके पेट में बहुत दर्द होता था)। सामान्यतः इतना बड़ा ट्यूमर बहुत कम लोगों को ही होता है।

पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल ने तत्काल महिला के पति को इसकी जानकारी दी और सर्जरी द्वारा ट्यूमर (फाइब्रॉइड) को हटा दिया गया। सर्जरी सफल रही। सर्जरी के अगले ही दिन मरीज उठने में सक्षम हो गयी और सामान्य भोजन लेने लगी। सर्जरी के बाद मरीज और उसके पति दोनों खुश थे। डॉक्टर ने बताया कि वह पिछले छह महीने से पेट दर्द से पीड़ित थी। दर्द बहुत तेज था और वह इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी।

अधिकतर मामलों में बीमारी की मुख्य वजह बने छोटे ट्यूमर की सर्जरी नहीं की जा सकती है। ट्यूमर मुख्यतः तीन तरह के होते हैं- बाहरी सतह पर, यूटेरस की भीतरी दीवारों पर तथा यूटरस के कैविटी के भीतर। रोगसूचक छोटे ट्यूमर में दवाएं दी जा सकती हैं। लेकिन, इस मरीज में ट्यूमर बहुत बड़ा और रोग का कारण था। इस मामले में रक्तस्राव बहुत अधिक हो सकता है और रोगी को पेट में असहनीय दर्द, बांझपन, मूत्र संबंधी बीमारी जैसे बार-बार पेशाब आना तथा कब्ज हो सकता है। लेकिन, सही समय पर सही उपचार के बाद ट्यूमर को हटाया जा सकता है और रोका जा सकता है।

पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल सभी महिलाओं को सलाह देते हुए कहती हैं कि ट्यूमर को हटाने के बाद भविष्य में 6 महीने तक गर्भधारण न करने की सलाह दी जानी चाहिए और गर्भधारण के बाद ऑपरेशन से ही प्रसव कराना चाहिए, वह भी विशेषज्ञ के हाथों से। मासिक धर्म के दौरान भारी रक्तस्राव होता है, जो एनीमिया का कारण बन सकता है। गर्भाशय फाइब्रॉइड, गर्भाशय या गर्भ में गैर-कैंसरजन्य वृद्धि/ट्यूमर है, जो महिलाओं में रोग का एक सामान्य कारण है।



स्पीड न्यूज

## शमीमा गर्ल्स स्कूल के पूर्व प्राचार्य का निधन



**इटकी।** प्रखंड स्तरीय शांति समिति के वरीय सदस्य सह शमीमा गर्ल्स हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य व समाज सेवी इटकी फिरदौस नगर निवासी डॉ असलम जमाल उर्फ भाईजान (82 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। रानीखटंगा स्थित कब्रिस्तान में उनकी जनाजे की नमाज पढ़ी गयी व सुपुर्द ए खाक किया गया। जनाजे में सैकड़ों लोग शामिल थे।

## आठ मवेशी लदा पिकअप वैन जब्त, एक गिरफ्तार

**ठाकुरगांव।** पिठोरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को काटमकुली गांव से अवैध गोवंश लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया है। मौके पर पुलिस ने गाड़ी में लोड आठ मवेशियों को जब्त किया। साथ ही इस अवैध कारोबार में संलिप्त एक कारोबारी दानिश अंसारी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी कारोबारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं जब्त मवेशियों को ग्रामीणों के बीच देखरेख के लिए वितरित कर दिया। विदित हो कि क्षेत्र में अवैध गोवंश का कारोबार चरम पर है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप है।

## अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, घायल

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सलगाडीह के समीप मंगलवार की शाम चार बजे बाइक सवार एक युवक अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार तमाड़ थाना क्षेत्र के कूड़बाहातू गांव निवासी सुमन हजाम (24 वर्ष) घर से अपने ससुराल तीरला खूंटी जाने के लिए निकले थे। अचानक सलगाडीह के समीप बाइक अनियंत्रित हो कर एनएच-33 में गिर कर घायल हो गए। घायल को बेहतर ईलाज के लिए 1033 एंबुलेंस से तमाड़ पीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि घायल युवक के सिर में कई टांके लगे हैं। अब वह खतरे से बाहर है।

## स्कूल की बाउंड्री में घुसा ट्रक, टूट गयी दुकान

मांडर। रांची-डालटेगंज एनएच 75 मुख्य पथ पर प्रखंड कार्यालय के समीप सोमवार की मध्य रात्रि लगभग 1.00 बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर संत जॉन मेरी मियानी विद्यालय के बाउंड्री में जा घुसा। इसमें निकट स्थित दुकान टूट गया व बाउंड्री ग्रस्त हो गयी। हालांकि किसी प्रकार की जान.माल की हानि नही हुई। मिली जानकारी अनुसार इस घटना में वाहन चालक को आंशिक चोट आई है। तत्पश्चात चान्हो पुलिस ने प्राथमिक उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त

**तमाड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलाईपीड़ी गांव में पुलिस ने मंगलवार को अवैध महुआ शराब की भट्ठी को नष्ट कर दिया। तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि तिलाईपीड़ी गांव में अवैध रूप से महुआ शराब की भट्ठी चल रही है। जिस कारण आसपास गांव के नवयुवक शराब के आदी हो रहे हैं। इसके बाद थाना प्रभारी ने एक टीम का गठन कर मंगलवार को छापामारी कर लगभग 300 लीटर अवैध महुआ शराब और भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस को देखते ही अवैध शराब बनाने वाले भाग खड़े हुए। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। छापामारी में थाना प्रभारी के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे। तमाड़ थाना प्रभारी ने अवैध रूप से चला रही भट्ठी मालिक को चेतावनी दी है।

# बूटगोड़ा-सिंगारी सड़क निर्माण से जोन्हा-हुंडरू फॉल की दूरी होगी कम

- खिजरी विधायक ने बूटगोड़ा में किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी/अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मंगलार को बहुप्रतीक्षित सिकिदिरी के हुंडरु फॉल से जोन्हा को सीधा जोड़नेवाले सड़क चौड़ीकरण, मजबूती करण और पुनर्निर्माण कार्य का बुटगोड़ा में शिलान्यास किया। यह सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास दूसरी बार हो रहा है। इससे पूर्व दूसरे छोर से सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने किया था। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इस क्षेत्र के विकास के लिए एक दर्जन से भी अधिक योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र प्रारंभ होगा। राजेश कच्छप ने कहा कि पर्यटन की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बुटगोड़ा - सिंगारी सड़क जोन्हा फॉल को सीधे हुंडरु फॉल से जोड़ेगा, जिससे लोगों को 20 किमी दूरी कम हो जाएगी। साथ ही क्षेत्र के एक दर्जन गांव आपस में सुगमता से जुड़ेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपने निगरानी में उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण कराने का आह्वान किया। यह सड़क जोन्हा-पुरबडीह मार्ग को अनगड़ा. हुंडरुफॉल सड़क से जोड़ेगीए सड़क की लंबाई 6.5 किमी तथा प्राक्कलन 16 करोड़ रुपये है। पथ निर्माण विभाग के अधीन क्लासिक इंजिकॉम के द्वारा कार्य किया जाएगा। विधायक ने फुटबॉल टीम के बीच जर्सी का वितरण किया। इस मौके पर मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, फाल्गुनी शाही, मुखिया सहदेव बेदिया, विक्की बेदिया, बालेश्वर बेदिया, राजेन्द्र मुंडा, एतवा उरांव, मकर सिंह मुंडा, जोन तिग्गा, फारुख खान, शफीक अंसारी, नईम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।



पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते खिजरी विधायक।

### एक दर्जन युवा कांग्रेस में हुए शामिल

हेसातू सरना समिति के अध्यक्ष भोला करमाली के नेतृत्व में एक दर्जन युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने युवाओं का माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में सरना समिति के सह सचिव अमित महतो, दिनेश महतो, संजय राणा, विजय रजवार शामिल हैं।

## भूमि पर अवैध कब्जाधारियों को जारी होगा नोटिस



**खलारी।** हेसालोंग बाजार और भूत मेला की जमीन सरकारी है। उक्त भूमि पर कुछ लोग कब्जा कर जमाबंदी करा लिये हैं। इस अवैध जमाबंदी को निरस्त करने के लिए लपरा मुखिया और खलारी पश्चिमी जिला परिषद, ग्राम प्रधान के नेतृत्व में हेसालोंग के ग्रामीणों संग खलारी अंचलाधिकारी कार्यलय बैठक हुई। इसमे अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या ने ग्रामीणों से कहा कि अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया जाएगा। उसके बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर लपरा मुखिया पुतुल देवी, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, ग्राम प्रधान रविन्द्र मुंडा, आशा देवी, अरविन्द कुमार, बसंत प्रसाद, पंकज, लखन प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, पवन प्रसाद, जैपरकाश साहु, रामकुमार मुंडा एवं ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित थे।

## जशपुरिया सेवा केंद्र ने श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग

**सिकिदिरी।** जशपुरिया सेवा केंद्र के प्रमुख जैलेन्द्र कुमार ने बीसा के बिरसा महली के श्राद्धकर्म के लिए उसके परिजनों को सहयोग किया है। जैलेन्द्र कुमार मंगलवार को मृतक के घर जाकर उनके दिव्यांग पुत्र सोमरा को खाद्य सामग्री व नगद राशि सौंपा। सूचना मिलने पर जशपुरिया सेवा केंद्र द्वारा सहायता दिया गया है। मौके पर जशपुरिया बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल मिश्रा मौजूद थे।

## रातू : कुदरत की बेरुखी से बेचैन हैं किसान

- छिन गयी है धनरोपनी की आस, निराश हैं किसान

शेख मुजिबुल

**रातू।** प्रखंड के हजारों किसान कुदरत की बेरुखी से बेचैन हैं। बारिश नहीं होने से अब धान रोपनी की आस खत्म हो गयी है। इसे लेकर कृषक परिवार गमजदा हैं। बीटीएम मुन्नी कुजुर की मानें तो क्षेत्र के करीब 32 प्रतिशत किसानों ने कुंए की पानी के सहारे धान की रोपनी कर ली है। शेष 68 प्रतिशत लोग मानसून के आसरे रोपनी नहीं कर पाये हैं। इससे भुखमरी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। किसानों ने ऋण लेकर हाईब्रीड की कीमती धान का बिचड़ा लगाया था। एक महीने के अंदर वह तैयार तो हुआ, लेकिन बरसाती पानी के अभाव में रोपनी नहीं हो पायी। इससे कृषकों की कमर ही टूट गयी है। ब्याज समेत ऋण की अदायगी वह कैसे करेंगे। इसकी चिंता उन्हें सता रही है। ज्ञात हो कि धान की खेती होने से किसानों को बड़ी राहत होती है।

### कृषि निदेशालय मौन

अल्पवृष्टि से सूखे की स्थिति पर कृषि निदेशालय मौन है। विभागीय अधिकारियों की चुप्पी से किसानों की समस्या दोगुनी हो गयी है। यहां 8 हजार निबंधित कृषक हैं। पानी की कमी के कारण रोपनी प्रभावित होने से उनकी निगाहें अब सरकार पर टिकी है। राज्य को सूखाग्रस्त घोषित करने और राहत कार्य चलाने की मांग उठने लगी है।

## गिली मिट्टी के समान होते हैं बच्चे, शिक्षा संस्कार के पाठ से भविष्य होगा उज्ज्वल

- इटकी : रात्रि पाठशाला की मनायी गयी वर्षगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** राजी पड़हा लूरकुड़िया द्वारा गढ़गांव के बिश्नापाट में संचालित रात्रि पाठशाला का मंगलवार को तृतीय वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते है। जरूरत है उन्हें शिक्षा व संस्कार का पाठ पढ़ा कर उनके भविष्य को बेहतर आकार देने की। उन्होंने बेहतर समाज के निर्माण के लिये बौद्धिक विकास पर बल दिया। मौके पर बच्चों में खेल प्रतिभा जगाने को लेकर सौ मीटर दौड़ए बिस्किट रेस लड़कियों का बाधा दौड़, बैलून फोड़, क्विज सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया व बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मुखिया रजनी उरांव, घोमा सिंह, पड़हा राजा नब्बू उरांव, पाठशाला के अध्यक्ष अंकित उरांव, आलोक कुमार, सुखदेव उरांव, अमोल लकड़ा, सबिता देवी, सुरेश उरांव, रंजीत, राजकुमार, संदीप सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

## परिजनों ने मांडर थाना प्रभारी से लगायी न्याय की गुहार

**चान्हो/मांडर।** विगत 13 अगस्त की शाम सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल गनेशपुर निवासी दुर्गा महली के परिजनों एवं ग्रामीणों ने मंगलवार को मांडर इंस्पेक्टर से न्याय की गुहार लगाई। आवेदनकर्ता दुर्गा महली की माता जीरन देवी, पति महरु महली ने 15 अगस्त को चान्हो थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी दिया था। उनका कहना है कि बिलेन्द्र महतो, पिता बालकिशुन महतो शाम 7.30 बजे ट्रैक्टर से खेत जोत कर लौटने के क्रम में तेज गति से उक्त व्यक्ति को कुचल कर घायल कर दिया था। परिजन घायल का ईलाज कराने में खुद को असमर्थ बताते हैं।

## सोनाहातू के सती घाट को पर्यटन स्थल बनाने को पौधरोपण जरूरी

**सोनाहातू।** वन प्रमंडल खूंटी द्वारा 74वां वन महोत्सव का आयोजन प्रखंड के बारेंदा पंचायत के सतीघाट पर हुआ। महोत्सव का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो और डीएफओ कुलदीप मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किये। मौके पर विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधरोपण आवश्यक है। पौधरोपण के साथ हम उनका संरक्षण का जिम्मा भी लेना होगा। सतीघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये पौधरोपण आवश्यक था। इस स्थल में 2200 पौधे लगाये जायेंगे। जल्द ही सतीघाट का कायाकल्प होगा। पूरे क्षेत्र में हाथियों का प्रकोप है। इससे निजात पाने के लिये वन विभाग के साथ ठोस कदम उठाया जायेगा। डीएफओ कुलदीप मीणा ने कहा कि पौधा भी बच्चे की तरह होते हैं। उनकी अच्छी तरह देखभाल होने से ही पेड़ का रूप लेते हैं। हमें पौधा लगाकर पेड़ का रूप देना होगा। उपस्थित सभी लोगों को पौधरोपण का जिम्मा दिया गया और देखभाल करने को कहा गया। मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुखिया सुभद्रा देवी, ग्रामप्रधान बेनी माधव सिंह मुंडा, रेंजर अमरनाथ भगत, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, बीणा मुंडा मौजूद थे।

### फंदे पर झूलकर युवक ने की आत्महत्या

**सिल्ली।** मुरी ओपी थाना अंतर्गत छोटा मुरी हरिजन बस्ती निवासी अकली देवी का दामाद पिंकू सोनकार उम्र 38 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अकली देवी ने बताया कि मैंने अपनी लड़की की शादी टाटा निवासी पिंकू सोनकार से की थी। काम करने के लिए मेरे पास बेटी और दामाद रहते थे। रोज की भांति काम पर लौटने के बाद दमाद मेरा घर आया। खाना खाने के बाद सब हम लोग सोने चले गए तभी मेरी लड़की की नींद रात्रि 12.00 बजे खुली तो देखा तो वह नहीं था। उसने घर में सबको उठाकर बताया। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर लिया है। तत्काल इसकी सूचना मुरी ओपी को दी गई। मौक पर पुलिस पहुंच कर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी है।

## चान्हो : बाघवार अकादमी में स्टूडेंट काउंसिल का गठन



काउंसिल में शामिल बाघवार अकादमी के विद्यार्थी।

- मेधावी विद्यार्थियों को दी गयी जिम्मेवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में मंगलवार को स्टूडेंट काउंसिल का गठन स्कूल के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार की अगुवाई में किया गया। इस काउंसिल में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को नई जिम्मेवारियों से नवाजा गया। इन सभी चयनित छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय के निदेशक अशोक के द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। जिसमें सभी बच्चों को निष्ठा पूर्वक अपने पद का सदुपयोग करते हुए कार्य करने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ने सभी चुने हुए लीडर्स को सबको साथ लेकर चलते हुए अपने शिक्षकों की सहायता करने की बात कही।उन्होंने यह भी कहा कि इस स्टूडेंट काउंसिल से विद्यालय में बच्चों के बीच अनुशासन और ज्यादा सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह के द्वारा किया गया।

# नयी दर पर मुआवजा नहीं मिला तो ग्रामीण रोकेंगे सड़क निर्माण

- पदाधिकारियों के साथ किसानों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पंचायत सचिवालय पांचा में मंगलवार को भारतमाला सड़क कार्य परियोजना में प्रभावित किसानों को मुआवजा देने को लेकर बैठक हुई। मुआवजा राशि से असंतुष्ट प्रभावित किसानों ने विरोध कर दिया। वहीं उपस्थित सीओ विजय केरकेट्टा, कानूनगो कमलकांत वर्मा व फिरनाथ सिंह द्वारा किसानों से मुआवजा लेने के लिए आवेदन की मांग करते हुए मुआवजा राशि निर्धारण की प्रक्रिया भी समझाया और कहा कि प्रत्येक गांव की भूमि की अलग-अलग दर होती है। तीन वर्ष पूर्व गांव की जमीन जिस दर पर बिक्री हुई हो उसी अधार पर मुआवजा राशि का निर्धारण होता है। वहीं जब किसानों को जानकारी हुई कि पुरानी दर पर ही मुआवजा मिलेगा तो आवेदन जमा करने से इनकार कर दिये। किसानों ने कहा कि बढ़ी दर पर मुआवजा दो नहीं तो निर्माण कार्य बंद करो।

### भारत माला परियोजना में 16 गांव का हुआ है भूमि अधिग्रहण

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के 16 गांव का जमीन परियोजना में अधिग्रहण की जा रही है। जिसमें किसी भी गांव में एक लाख से कम में जमीन नही बिक्री नही हुई है। जबकि नौ हजार से 50 हजार तक मुआवजा राषि निर्धारित किया गया। जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एसी के साथ वार्ता में 50.674 हजार प्रति डीस्मिल की दर से मुआवजा दिलाने की बात हुई थी। उसी दर पर सभी गांव के ग्रामीण समझौता के लिए तैयार है। कहा बढी हुई दर पर मुआवजा नही मिला तो ग्रामीण संगठित होकर योजना निर्माण कार्य का विरोध करेगें। बैठक में वरीय लिपिक विमल मुंडा, अमीन सिद्धेष्वर कुमार, बालेष्वर महतो व महेष कुमार रवि, नवीन कुमार साहू, विष्णुचरण गुप्ता, आषाराम मुंडा, समल राम पाहन, नरेष मुंडा, अकलु महतो, अनिरूद्ध साहू, लेदा महतो, राजकुमार मुंडा, सहजनाथ महतो, दिलीप महतो, के साथ 16 गांव के ग्रामीण व प्रतिनिधि उपस्थित थें।

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
समाहरणालय, खूँटी
(जिला भू–अर्जन शाखा)

पत्रांक:– 381(ii)
दिनांक:–19.08.2023

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूंकि समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम चॉपी, थाना–कर्रा, थाना सं0 125, अंचल कर्रा, जिला खूँटी में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना भूत हुटार लोधमा नगड़ी पथ चौड़ीकरण परियोजना हेतु RCD के लिए हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम चॉपी, थाना–कर्रा, थाना सं0 125, अंचल कर्रा, जिला खूँटी के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए कमोबेश 1.537 एकड़ यानि 0.622022 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है।

ग्राम चॉपी, थाना–कर्रा, थाना सं0 125, अंचल कर्रा, जिला खूँटी का विस्तृत विवरणी

| क्र0 | खाता संख्या | सर्वे भू–खण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए0) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खण्ड संख्या) उ0 द0 पू0 प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 111 | 37 | मन्दुरा उरांव वो गोन्दला उरांव वल्द भीखू उरांव जाति उरांव निवासी साकिन देह बराबर | टॉड–2 | 0.082 | गोदला उरांव पिता मन्दूरा उरांव वो फगुवा उरांव रतनु उरांव पिता लोहरा उरांव, बुधु उरांव पिता गन्दुरा उरांव | उ0– 37<br>द0 – 39<br>पु0 – 37<br>प0 – रास्ता |
| 2 | 101 | 39 | वकास्त खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.149 | शिशिर कुमार बेक पिता उमा कच्छप | उ0– 37<br>द0 – 40<br>पु0 – 39<br>प0 – रास्ता |
| 3 | | 40 | | टॉड–2 | 0.046 | | उ0– 39<br>द0 – रास्ता<br>पु0 – 40<br>प0 – रास्ता |
| 4 | 4 | 357 | वकास्त खेवट नं0 2/1 | टॉड–2 | 0.252 | रतन उरांव पिता भीखू उरांव वो पुना उरांव, भीखू उरांव पिता दशा उरांव सोहराई बखला वल्द स्व0 फगुवा बखला | उ0– रास्ता, 96<br>द0 – 358<br>पु0 – 357<br>प0 – रास्ता |
| 5 | 37 | 358 | मोसमात जोगती उराईन पति बुधवा उरांव, जाति उरांव निवासी साकिन देह खेवट नं0 2/1 | टॉड–2 | 0.064 | संदीप तिर्की वल्द गन्दुरा उरांव वो गन्दुरा उरांव वो जीतवा उरांव वल्द खाना उरांव | उ0– 357<br>द0 – 359<br>पु0 – 358<br>प0 – रास्ता |
| 6 | 107 | 362 | मो0 कमली पति दोदो उरांव जाति उरांव निवासी साकिन तदेह | टॉड–2 | 0.037 | चारो उरांव चैक उरांव बुधु उरांव वो नगुआ उरांव पिता भोसा उरांव सा0 देह | उ0– 359<br>द0 – 364<br>पु0 – 362<br>प0 – रास्ता |
| 7 | 181 | 367 | लोदो उरांव वल्द मुनु उरांव जाति उरांव दो मकुन्दु उरांव वल्द लेपा उरांव 1 हिसा बराबर जाति उरांव वो चमरा उरांव वो गोसला उरांव वल्द धोचा उरांव 1 हिसा बहिसा बराबर जाति उरांव निवासी साकिन देह खेवट नं0 1 | टॉड–2 | 0.097 | सोहराई बखला वल्द फगुवा उरांव वो फगुवा उरांव चौणु उरांव मकुन्द उरांव वल्द जौरा उरांव सा0 देह | उ0– 374<br>द0 – 368<br>पु0 – 367<br>प0 – रास्ता |
| 8 | | 368 | | टॉड–2 | 0.02 | | उ0– 367<br>द0 – 369<br>पु0 – 368<br>प0 – रास्ता |
| 9 | 111 | 369 | गन्दुरा उरांव वो गोन्दला उरांव वल्द भीखु उरांव जाति उरांव निवासी साकिन देह बराबर | टॉड–2 | 0.028 | दुर्गा उरांव, बुधनाथ उरांव, कैंदना उरांव पिता भैरा उरांव वो कंदना उरांव पिता बुधु उरांव सा0 देह | उ0– 368<br>द0 – 370<br>पु0 – 369<br>प0 – रास्ता |
| 10 | 172 | 1124 | मंगरा उरांव वो हीन्दुआ उरांव वल्द धरमु उरांव जाति उरांव निवासी सा0 देह बहीसा बराबर लगान खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.023 | कुमारी नंदिया वल्द सुकरा उरांव वो रैया उरांव चोंगो उरां वल्द रंकि उरांव सा0 देह | उ0– रास्ता<br>द0 – चौपी<br>पु0 – 371<br>प0 – रास्ता |
| 11 | | 1125 | | पतरी कदीम | 0.048 | | उ0– रास्ता<br>द0 1124,1125<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1125 |
| 12 | 116 | 1122 | गोसाला उरांव वो सोमरा उरांव वल्द महली उरांव जाति उरांव निवासी साकिन देह खेवट सं0 4 | पतरी कदीम | 0.048 | माधी उरांव वो केला उरांव वल्द लोथे उरांव सा0 देह | उ0– 1122<br>द0 – रास्ता<br>पु0 – 1122<br>प0 – रास्ता |
| 13 | 107 | 1120 | मो0 कमली पति दोदो उरांव जाति उरांव निवासी साकिन तदेह | टॉड–2 | 0.023 | चारो उरांव चैक उरांव बुधु उरांव वो नगुआ उरांव पिता भोसा उरांव सा0 देह | उ0– 1120<br>द0 – रास्ता<br>पु0 – 1120<br>प0 – रास्ता |
| 14 | 178 | 1119 | | टॉड–2 | 0.029 | सोहराई भोगता वो शैलू भोगता वल्द अधू भोगता सा0 देह | उ0– 1120<br>द0 – 1157<br>पु0 – 1119<br>प0 – रास्ता |
| 15 | 141 | 1157 | जोगरो उरांव वल्द साहदेव उरांव जाति उरांव निवासी साकिन देह खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.021 | तुरीया केरकेट्टा वो सुखराम केरकेट्टा बल्द कोयली उरांव वो सुकरा उरांव वल्द कंधना उरांव सा0 देह | उ0– 1119<br>द0 – 1156<br>पु0 – 1157<br>प0 – रास्ता |
| 16 | 180 | 1156 | भीखा उरांव वल्द जोठा उरांव जाति उरांव निवासी सा0 देह खेवट सं0 4 | टॉड–2 | 0.157 | | उ0– 1152<br>द0 – रास्ता, 1155<br>पु0 – 1156<br>प0 – रास्ता |
| 17 | 180 | 1249 | लुम्बा अहीर वल्द दुढा अहीर जाति निवासी साकिन देह टोला सेमरा टोली खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.023 | लुम्बा अहीर वल्द दुढा अहिर | उ0– रास्ता, 1155<br>द0 – 1150<br>पु0 – 1249<br>प0 – रास्ता |
| 18 | 178 | 1250 | रोटे भगत तवो मारटीन भगत वल्द सुकरा मंगरा जाति भगत निवासी सानिन देह बहिसा बराबर खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.022 | रोटे भगत वल्द सुकरा भगत | उ0– 1140<br>द0 – सी0 घनसुली<br>पु0 – 1250<br>प0 – रास्ता |
| 19 | 169 | 1152 | मो0 कमली पति दोदो उरांव जाति उरांव निवासी साकिन तदेह | टॉड–2 | 0.073 | मोटो उरांव वो महली उरांव वो नारा उरांव वल्द हिन्दुआ उरांव जाति उरांव निवासी साकित देह | उ0– 1153<br>द0 – सी0 घनसुली<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1152 |
| 20 | 63 | 1153 | मोठो मुण्डा वो महली उरांव वो नारा उरांव वल्द हिन्दुआ उरांव बहिसा बराबर जाति उरांव निवासी साहिन देह खेवट नं0 2/1 | टॉड–2 | 0.021 | तुरीया केरकेट्टा वो सुखराम केरकेट्टा बल्द कोयली उरांव वो सुकरा उरांव वल्द कंधना उरांव सा0 देह | उ0– 1154<br>द0 – 1152<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1153 |
| 21 | 63 | 1154 | | टॉड–2 | 0.033 | | उ0– 1137<br>द0 – 1153<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1154 |
| 22 | 63 | 1137 | दोवारीका नाथ पाठक पिता मदीराय पाठक जाति ब्राहमण सा0 देह | टॉड–2 | 0.08 | मो धान्दु मुण्डाईन जोजे बावना मुण्डा जाति मुण्डा निवासी सा0 देह | उ0– 1136<br>द0 – 1154<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1137 |
| 23 | 29 | 1136 | धुमनु उरांव वल्द परका उरांव | टॉड–2 | 0.029 | उमेश बखला पिता स्वर्गीय इतवा बखला | उ0– 1137<br>द0 – 1137<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1136 |
| 24 | 29 | 1133 | धुमनु उरांव वल्द परका उरांव सा0 देह खेवट नं0 2/1 | टॉड–2 | 0.062 | कोलो उरांव, डीडो उरांव वल्द पोढो उरांव वो उमेश बखला पिता एतवा उरांव कोलो पोमरा उरांव पिता धुमनु उरांव सा0 देह | उ0– 1132<br>द0 – 1136<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1133 |
| 25 | 122 | 1132 | चमरा उरांव वल्द धुधुआ उरांव जाति उरांव निवासी सा0 देह खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.041 | तेतरा उरांव सोमरा उरांव वो महदेव उरांव वल्द पंडुवा उरांव | उ0– रास्ता<br>द0 – 1133<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1132 |
| 26 | 65 | 1131 | मंगरा उरांव वो हीन्दुआ उरांव वल्द धरमु उरांव जाति उरांव निवासी सा0 देह बहीसा बराबर लगान खेवट नं0 4 | टॉड–2 | 0.029 | कुमारी नदिया वल्द सुकरा उरांव वो रैया उरांव चोंगो उरां वल्द रंकि उरांव सा0 देह | उ0– चापी सीट<br>द0 – 1132<br>पु0 – रास्ता<br>प0 – 1131 |
| | | | | कुल:– | 1.537 | | |

यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो। भूमि की योजना/ नक्शा का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR 305199 (Land Reforms) 23-24 (D)

# अब प्याज से आंसू

देश से प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक जिले में कई स्थानों पर किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच यह बयान आया है। प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने का फैसला लिया गया है। महाराष्ट्र के नासिक जिले में कई स्थानों पर किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच यह बयान आया है। पहली बार प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के फैसले का उद्देश्य त्योहारी सीजन से पहले प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाना भी है। दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमतें लगभग 40 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। निश्चित ही प्याज का भंडारण भी एक बड़ी समस्या है। साथ ही इसका उत्पादन भी महाराष्ट्र सहित सीमित प्रदेशों में भी होता है। प्याज की कीमतों पर देश में जमकर राजनीति भी होती रही है। महाराष्ट्र में इस बार प्याज की अनुमानित 20 लाख टन उत्पादन है। सरकार चार-पांच लाख टन खरीदकर बफर स्टॉक बनाना चाह रही है। सच यह है कि टमाटर के बाद अब प्याज की कीमत बढ़ना तय है क्योंकि इनके उत्पादन का ग्राफ हर वर्ष अनिश्चित सा है। विदेश में निर्यात और शहरो में बढ़ती खपत के कारण स्थितियां लगातार बदली है। मॉनसून की अनिश्चितता, उत्पादन की लागत, परिवहन का महंगा होना जैसे कई नकरात्मक कारणों से प्याज का उत्पादन प्रभावित होता है, कभी किसान 20 पैसे किलो प्याज बेचने का विवश भी होता है। अन्य कृषि उत्पादों से अलग प्याज का भंडारण कठिन है इसके रख रखाव की लागत भी अधिक है। चुनाव सर पर है और प्याज-टमाटर का मूल्य बढ़ना भारतीय राजनीति में हार-जीत का कारण भी बनते रहें हैं। राजनीतिक दलों के लिये प्याज के मूल्य आंसू बहाने को मजबूर करते हैं।

# रिकार्ड भुगतान

भारत में कार्ड से भुगतान 2023 में सालाना आधार पर 28.6 प्रतिशत बढ़कर 27.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। लंदन स्थित डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबल डेटा ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। ग्लोबलडेटा ने कहा कि भारत में कार्ड भुगतान के मूल्य में 2022 के दौरान 26.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। इकोनॉमिक ग्रोथ, उपभोक्ताओं की इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के प्रति बढ़ती प्राथमिकता और सरकार का कैशलेस भुगतान को बढ़ावा देने के प्रयास के चलते में कार्ड से भुगतान में इजाफा हुआ है। ग्लोबलडेटा के वरिष्ठ बैंकिंग और भुगतान विश्लेषक कार्तिक चल्ला ने कहा, भारत परंपरागत रूप से कैश से चलने वाली अर्थव्यवस्था रहा है। हालांकि, किसी पेमेंट के लिए कैश का इस्तेमाल अब घट रहा है। व्यापारी सेवा शुल्क को कम करना और प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल स्थापित करने के लिए व्यापारियों को सब्सिडी प्रदान करना जैसे सरकार के कदमों से देश में कार्ड भुगतान बाजार की वृद्धि के पीछे कुछ प्रमुख कारक हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में पॉइंट ऑफ सेल्स (ढडर) भुगतान के लिए कार्ड के उपयोग में जोरदार वृद्धि हुई है। इसमें दुकानों पर पीओएस टर्मिनल और ऑनलाइन दोनों शामिल हैं। साथ ही भारतीयों द्वारा एटीएम से कैश निकासी धीरे-धीरे कम हो रही है। 2023 में एटीएम से कैश निकासी केवल 4.6 प्रतिशत बढ़कर 34.4 लाख करोड़ रुपये (416.2 अरब डॉलर) तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा कोरोना महामारी ने बिना संपर्क में आये भुगतान के तरीकों पर भी जोर दिया है, जिससे कार्ड से पेमेंट का चलन बढ़ा है। निश्चित ही यह आर्थिक रुप से विकसित होते देश का प्रमाण है। यह सुविधा गांवों तक तेजी से पहुंचे यह भी जरूरी है।

# योगेश्वर कृष्ण

**विचार-प्रवाह**

**अमित मिश्रा**

**शुद्ध** सनातन धर्म में योग को आत्मा और शरीर से मिलाने वाली ज्ञान विद्या कहा गया है । योग के कई प्रकार बताए गए हैं। मन को आत्मा से मिलाने और शुद्धिकरण कर मोक्ष दिलाने के ज्ञान को योग की संज्ञा दी गई है ।

**भगवान शिव हैं योगीराज :**

महाभारत के अनुशासन पर्व में भगवान शिव के द्वारा एक विशेष प्रकार की योग विद्या का उपदेश माता पार्वती को दिया गया है जिसे पाशुपत योग कहा जाता है । पाशुपत योग के द्वारा भगवान देह को आत्मा से पृथक मानने की सलाह देते हैं जिससे आत्मा मुक्त हो जाती है

**देहेऽस्मिन्नह्मित्येकः पृथक चिन्त्यः सदा बुधौः । एवं ज्ञात्वा चंरल्लोके मुच्यते भवबन्धनात ।।**

भावार्थ : भगवान योगीराज काम को जीतने के लिए योग का रहस्य बताते हैं। इसीलिए उन्हें योगीराज भी कहते हैं ।


**कुंडलनी जागरण है योग का उद्देश्य :**

शरीर को शुद्ध कर और उसके जरिए कुंडलनी जागरण के द्वारा ईश्वर के साक्षात्कार की प्रक्रिया को राजयोग की संज्ञा दी गई है । शरीर के अंगो के नियमन और उचित संचालन के द्वारा उसे स्वस्थ रखने की प्रक्रिया को भी योग के अंतर्गत ही माना गया है ।

**भगवान शिव और कृष्ण ने दिया योग का ज्ञान :**

आत्मा को मुक्त कराने की योग विद्या के प्रवर्तकों में भगवान योगीराजऔर भगवान श्री हरि कृष्ण सर्वोपरि माने गए हैं। जबकि शरीर की शुद्धि के द्वारा स्वस्थ जीवन जीने और ईश्वर के साक्षात्कार के लिए जिस मार्ग का प्रतिपादन किया गया है उसके प्रवर्तक पंतजलि को माना गया है ।

**कार्टून वर्ल्ड**



साभारः कॉटूर्न डॉट काम

**लेटर टू एडिटर**

## बाजार की मार

**देश** में गरीब और मध्यम वर्ग महंगाई से त्रस्त है। सियासतदानों का ध्यान वोटों के ध्रुवीकरण में लगा है। रोजगार सृजन के प्रयास न तो सरकारी और न ही निजी स्तर पर हो रहे हैं। घटते रोजगार के अवसर, बाजारवाद की गिरफ्त और बढ़ती महंगाई के परिणामस्वरूप समाज में अपराध बढ़ रहे हैं। देश में जिन पदार्थों का उत्पादन कम और खपत ज्यादा है,

**-डॉ रमेश सिंह, हजारीबाग**

## पवार की पावर

**अजित** गुट के अलग हो जाने के बाद से ही शरद पवार पल-पल रंग बदल रहे हैं। कभी मोदी जी के साथ मंच साझा करते हैं, तो अब कह रहे हैं कि बीजेपी को सत्ता से हटाना ही होगा। राज्यसभा में दिल्ली बिल पास हो जाने के बाद से भाजपा के हौसले बुलंदियों पर हैं। वहीं पवार खुद को चाहे जो समझें अब उनकी पावर धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

**-विभूति कुमार, रांची**

# सावधान, रोजाना 1917 बुजुर्ग कोर्ट जाने को हो रहे मजबूर !





**- डॉ राजेन्द्र प्रसाद**

> सवाल सीधे-सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात क्यों बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनंसख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजंस की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक ओर जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता।

**एक** तरफ यह माना जा रहा है कि 2050 आते-आते देश का हर पांचवां नागरिक बुजुर्ग होगा तो दूसरी और बुजुर्गों के साथ असम्मान में दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में सात लाख बुजुर्गों ने अदालतों के द्वार खटखटाये हैं। इसका मतलब है कि एक दिन में करीब 1917 बुजुर्गों ने कोर्ट को अपना दुखड़ा बताया। इससे पहले अदालतों में बुजुर्गों द्वारा दर्ज कराए गए पांच साल से अधिक के 20 लाख से अधिक मामले न्याय में लंबित हैं। सवाल यह नहीं है कि अदालतों में कितने मामले लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि कितने समय से लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि अदालतों में बुजुर्गों से संबंधित मामलों के निर्णय में क्यों देरी हो रही है? सीधा और सौ टके का सवाल यह है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। केवल और केवल एक साल में सात लाख मामलों का सामने आना हमारे समाज की बुजुर्गों के प्रति असहिष्णुता को स्पष्ट रुप से दशार्ता है। एक और हमारी संस्कृति और सभ्यता में बुजुर्गों के सम्मान सिखाया जाता रहा है, वहीं अब समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटखटाना बेहद चिंता का विषय हो जाता है।

एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनिटरिंग होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामले सामने आने का मतलब साफ है कि असलियत में इस तरह के मामले कई गुणा होंगे। साफ है अदालत या पुलिस में केस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इस्तगासा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं। कोर्ट-कचहरी तक जाने से आज भी आम आदमी डरता है। हालांकि न्यायालयों के प्रति आम आदमी का विश्वास बरकरार है चाहे उसमें देरी कितनी भी हो रही हो। न्याय में विश्वास का ही परिणाम है कि न्यायालयों में वादों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

सवाल सीधे-सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात क्यों बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनंसख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजंस की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक ओर जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता के कारणों को खोजना होगा। हालांकि आज आर्थिक युग आ गया है। प्रतिस्पर्धा और आपाधापी के दौर में संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दोराय नहीं कि बुजुर्गों के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्यवहार और प्रेम के दो बोल। पर समस्या इसको लेकर होने के साथ ही कुछ नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। देखा जाए तो आज बुजुर्गों के जो मामले सामने आ रहे हैं उनमें प्रापर्टी विवाद, किरायेदारों से मकान खाली कराने, सरकार या परिजनों से गुजारा भत्ता, पेंशन के विवादित प्रकरण या फिर पारिवारिक हिंसा के कुछ मामले हो सकते हैं तो कुछ हद तक बदलते हालातों में संतान द्वारा तंग या परेशान करने के मामले भी सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी भी एक समस्या है पर वह न्यायालयों तक जाने का मामला नहीं बनती।

आज देश-दुनिया ने काफी तरक्की की है। सुविधाओं का विस्तार हुआ है। जीवनस्तर में बदलाव आया है। जीवन जीना आसान हुआ है। पर इन सबके बीच मानवीय संवेदनाएं कहीं खो गई हैं। ऐसे उदाहरण आम हैं कि इकलौती संतान रोजगार के लिए विदेश जाती है और फिर वहीं की होकर रह जाती है। इनमें से अधिकांश का प्रयास यह होता है कि पारिवारिक संपत्ति को बेच कर चले जाएं और फिर वहीं के होकर रह जाएं। समस्या यहां तक आती है कि बुजुर्ग परिजनों के पास गुजारा करने लायक नहीं रहता तो दूसरी ओर इस उम्र में जहां दो शब्द सहानुभूति की आवश्यकता होती है उसमें उन्हें अकेले रहने को मजबूर होना पड़ता है। जरूरी नहीं है कि बेटा-बेटी विदेश में ही हों, देश में भी नौकरी के कारण दूसरी जगह होंगे और फिर उनकी प्राथमिकता कुछ और ही हो जाती है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक ही सीमित होकर रह जाता है। स्वार्थ कहीं ज्यादा हो जाता है और घर-परिवार के प्रति अपने दायित्वों से दूर होकर परिजनों में कमियां देखना ही बाकी रह जाता है। कोई भी परिवार के प्रति अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की बात नहीं करता अपितु एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप व बुजुर्गों में कमियां निकालने में ही अपनी बहादुरी समझने लगते हैं। यह सोच अब रही ही नहीं कि मैं माता-पिता या बुजुर्गों के लिए क्या कर रहा हूं।

अपितु सोच यह होती जा रही है कि माता-पिता या बुजुर्ग ने क्या कमी छोड़ दी। दोषारोपण ही रह गया है। खैर यह विषयांतर होगा पर विचारणीय मुद्दा यह है कि जब एक साल में सात लाख मामले इस तरह के सामने आ रहे हैं जो न्यायालयों में पहुंचे हैं तो कल्पना करने की बात यह है कि वास्तव में इस तरह के मामले बहुत अधिक ही होंगे। कल्पना करके सिहर जाना चाहिए कि देश में बुजुर्गों के हालात क्या से क्या होती जा रही है। क्यों कि आम बुजुर्ग न तो पुलिस में शिकायत करने जा सकता और न ही अदालतों के फेरे लगाने को तैयार हो सकता है। ऐसे में यह साफ है कि सात लाख बुजुर्गों ने तो केवल समाज को आईना दिखाने का काम किया है।

**खास बात**

## योग और उपयोग

**जग्गी वासुदेव**

**दरअसल** योग नहीं उप-योग हैं। क्या हैं ये उप-योगः ये उप-योग आसानी से किए जा सकने वाले मूवमेंट्स हैं जिन्हें 7 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इन्हें कहीं भी, किसी भी समय किया जा सकता है। योग गुरु द्वारा इन सरल योगाभ्यासों को 7 भागों में बांटा गया है। हर एक योग करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय लगता है।

हर्निया की प्रॉब्लम या प्रेग्नेंसी के शुरुआती महीनों में अवॉइड करें।

**योग क्या है?**

योग का अर्थ है जोड़ना. जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना, पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महर्षि पतंजलि ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, चित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।

**अष्टांग योग क्या है?**

हमारे ॠषि मुनियों ने योग के द्वारा शरीर मन और प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा की प्राप्ति के लिए आठ प्रकार के साधन बताएं हैं, जिसे अष्टांग योग कहते हैं..ये निम्न हैं- यम नियम आसन प्राणायाम । प्रात्याहार धारणा ध्यान समाधि आसान से तात्पर्य शरीर की वह स्थिति है जिसमें आप अपने शरीर और मन को शांत स्थिर और सुख से रख सकें। स्थिरसुखमासनमः सुखपूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते हैं। योग शास्त्रों के परम्परानुसार चौरासी लाख आसन हैं और ये सभी जीव जंतुओं के नाम पर आधारित हैं। इन आसनों के बारे में कोई नहीं जानता इसलिए चौरासी आसनों को ही प्रमुख माना गया है। और वर्तमान में बत्तीस आसन ही प्रसिद्ध हैं।आसनों को अभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार के लिए किया जाता है।आसनों को दो समूहों में बांटा गया है:- गतिशील आसान स्थिर आसान गतिशील आसन- वे आसन जिनमे शरीर शक्ति के साथ गतिशील रहता है.स्थिर आसन- वे आसन है जिसमें मन की स्थिरता प्राप्त होती है और गतिशील आसान वे है जिनसे शरीर मजबूत और कठिन स्थितियों को झेलने लायक होता है।

**कभी** सोने के कण लेकर बहने वाली स्वर्णरेखा नदी आज प्रदूषण की शिकार है। यह सिर्फ नदी नहीं बल्कि हमारी धरोहर है। स्वर्णरेखा के तट पर इक्कीसों महादेव हमारी आस्था के केंद्र हैं। राँची के नागरिक सुधीर शर्मा द्वारा इसे प्रदूषणमुक्त करने को चलाया जा रहा अभियान प्रेरणादायी है।

**– संजय सेठ, सांसद रांची**

**आपके ट्वीट**

झारखण्ड रूपी पेड़ की जड़ को सींचना लक्ष्य है। अभी हमने नींव डाले हैं। लोगों के बीच कार्य करने का लक्ष्य कभी समाप्त नहीं होता है। 20 वर्ष का घाव साढ़े तीन वर्ष में भरने में समय लगेगा।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





प्रदूषित पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए हम सबको मिलकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उन्हें बचाने की आवश्यकता है, यह हमारी जिम्मेदारी है।

**– सुदेश महतो, आजसू**

# चन्द्रयान-3 मिशन के बाद इसरो कई अहम मिशन को करेगा लॉन्च

**सोमनाथ एस. के**

**अंतरिक्ष** एजेंसी ने एक जलवायु अवलोकन उपग्रह इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण की भी योजना बनाई है।

चंद्रयान-3 मिशन (उँल्लरि१ं८ल्ल-3) के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करफड) की प्रक्षेपण सूची बेहद लंबी है। आने वाले दिनों में इसरो द्वारा किये जाने वाले प्रक्षेपणों में सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक मिशन, जलवायु अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण, गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत एक प्रायोगिक यान और भारत-अमेरिका सिंथेटिक एपर्चर रडार का प्रक्षेपण शामिल है।

इसरो के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इसके अलावा एक्सपोसैट (एक्स-रे पोलारीमीटर उपग्रह) भी प्रक्षेपण के लिए तैयार है जो चरम स्थितियों में चमकदार खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करने वाला देश का पहला समर्पित पोलारीमेट्री मिशन है। सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला, आदित्य-एल1, प्रक्षेपण के लिए तैयार हो रही है, इसका प्रक्षेपण संभवतः सितंबर के पहले सप्ताह में किया जाएगा।

इसरो अध्यक्ष सोमनाथ एस. के अनुसार, अंतरिक्ष एजेंसी ने एक जलवायु अवलोकन उपग्रह इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण की भी योजना बनाई है। देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए ह्यक्रू एस्केप सिस्टमह्ण के सत्यापन के लिए एक परीक्षण वाहन

**चिंतन**

मिशन का प्रक्षेपण भी जल्द ही होने की उम्मीद है। सोमनाथ ने 15 अगस्त को इसरो मुख्यालय में अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कहा, (फिर) हमें भारत-अमेरिका निर्मित सिंथेटिक एपर्चर रडार निसार प्रक्षेपित करना है। इसलिए हमारे प्रक्षेपण की सूची लंबी है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यहां ह्यइसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में स्थित मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स में उत्साह का माहौल है। इसरो ने चंद्रमा पर भारत के तीसरे मिशन की मंगलवार दोपहर को ताजा जानकारी देते हुए कहा, मिशन तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रहा है। प्रणालियों की नियमित जांच की जा रही है। सुचारू संचालन जारी है। एमओएक्स/आईएसटीआरएसी से चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर उतरने का सीधा प्रसारण बुधवार शाम पांच बजकर 20 मिनट से शुरू किया जाएगा।

लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल के बुधवार को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह के दक्षिण ध्रुवी क्षेत्र के निकट उतरने की उम्मीद है।

सोमनाथ ने कहा था, आने वाले दिनों में हम अपनी सुरक्षा के लिए भी बड़ी संख्या में उपग्रह बनाने जा रहे हैं।

इसरो अधिकारियों के अनुसार, नासा-इसरो एसएआर (निसार) एक निगरानी उपग्रह है जिसे अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। निसार 12 दिनों में पूरे विश्व का मानचित्रण करेगी और पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र, बर्फ द्रव्यमान, वनस्पति, समुद्र स्तर में वृद्धि, भूजल तथा भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी और भूस्खलन सहित प्राकृतिक खतरों में परिवर्तन को समझने के लिए स्थानिक और अस्थायी रूप से सुसंगत डेटा प्रदान करेगी।

गगनयान मानव अंतरिक्ष (मानवयुक्त) उड़ान मिशन शुरू करने से पहले, इसरो ने दो मानवरहित मिशन की योजना बनाई है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा, ह्यह्यहम अगले साल की शुरूआत तक (दो में से पहले) मानवरहित क्रू मॉड्यूल मिशन के लिए तैयारी कर रहे हैं।

# खाद्यान्न की महंगाई से बढ़ेगा जोखिम !

**नागेन्द्र सिंह**

**जुलाई** महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई। केंद्र सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के उपायों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का समर्थन कर रही है। केंद्र सरकार ने भी संकेत दिए थे कि वह कीमतों को नियंत्रित करने के लिए व्यापार नीति का उपयोग कर सकती है और इसके बाद ही केंद्र ने पिछले हफ्ते प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने का फैसला किया था। हालांकि, कीमतों को नियंत्रित करने की दिशा में यह कोई पहला कदम नहीं था क्योंकि सरकार ने हाल ही में चावल के निर्यात और दालों जैसे कुछ अन्य खाद्य पदार्थों के भंडारण पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

जुलाई महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई और अगस्त में भी इसके केंद्रीय बैंक, आरबीआई के उच्चतम लक्षित दायरे से ऊपर रहने की उम्मीद है। यह दर काफी हद तक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण चढ़ी है, ऐसे में अल नीनो प्रभाव के कारण मॉनसून की प्रगति को लेकर बनी अनिश्चितता की स्थिति ने जोखिम बढ़ा दिया है।

देश के विभिन्न हिस्सों में कम बारिश हुई है, इसकी वजह से भी कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है। आरबीआई के अर्थशास्त्रियों द्वारा हाल ही में किए गए एक

**आर्थिक**

अध्ययन में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून न केवल खरीफ फसलों के लिए बल्कि रबी फसलों के लिए भी उतना ही महत्त्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि खरीफ फसलों के लिए मॉनसून का प्रभाव भी आंकड़ों की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें कमी आई है।

सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार होने से कम बारिश के चलते प्रतिकूल परिस्थितियों की तीव्रता को थोड़ा कम करने में मदद मिली है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2016 के बाद से ही चावल और कुल खाद्यान्न उत्पादन में हर साल वृद्धि हुई है और यह वृद्धि चार वर्षों में सामान्य से कम बारिश के बावजूद हुई है। हालांकि, मॉनसून को लेकर खाद्य उत्पादन की निर्भरता का स्तर थोड़ा कम हुआ है लेकिन व्यापक तौर पर होने वाली वर्षा काफी असर डालती है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2009 में वर्षा के स्तर में 21.4 प्रतिशत के विचलन के परिणामस्वरूप कुल खाद्य उत्पादन में 12 प्रतिशत की कमी आई। यह ध्यान देना होगा कि मॉनसून की प्रगति महत्त्वपूर्ण बनी हुई है लेकिन सभी राज्यों में समान रूप से सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कम खाद्य उत्पादन को ध्यान में रखते हुए तैयारी करना सही है लेकिन सरकार के कदम अक्सर कृषि क्षेत्र के हित में नहीं होते हैं और इससे संभावित रूप से पर्याप्त आपूर्ति प्रक्रिया में बाधा पहुंचती है।खाद्य उत्पादन की अपेक्षाकृत अधिक कीमत, उत्पादकों को उत्पादन बढ़ाने के लिए एक संकेत देती हैं। लेकिन अगर सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अक्सर निर्यात पर प्रतिबंध लगाती रही तब किसान भी उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त निवेश करने में हिचकेंगे। इस तरह के कदम वास्तव में में कृषि उत्पादों के भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की विश्वसनीयता पर भी असर डालते हैं। इसने अल्पकालिक दृष्टिकोण के साथ घरेलू बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखा।अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी और अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस संदर्भ में भारत की नीतियों में उपभोक्ताओं का समर्थन का पूर्वग्रह रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# तुलसी के राम



**डॉ हराधन कोईरी**

साहित्य मनुष्य की आंतरिक अनुभूतियों और संवेदनाओं का अभिव्यक्त रूप होता है। यह माना जाता है कि मानव की आंतरिक भावनाएं समान होती हैं। उसकी महसूस करने तथा भाव प्रकट करने की शक्ति भी सार्वभौमिक है। शोक, हर्ष, घृणा क्रोध, प्रेम और वात्सल्य जैसे अनेक भाव विश्व-मानव में समान पाये जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप साहित्य का मूलभूत ढांचा सभी भाषाओं में एक-सा दिखाई देता है।

हिंदी साहित्य के इतिहास में भक्तिकाल को स्वर्णयुग कहा गया है। इस युग को कबीर, जायसी, सूर, तुलसी जैसे कवियों ने अपनी काव्य-प्रतिभा से विभूषित किया है। रामाश्री शाखा के कवियों में गोस्वामी तुलसीदास का सर्वोच्य स्थान है। रामचरितमानस उनकी सर्वाधिक उत्कृष्ट व पठनीय कृति है। उन्होंने लोकमंगल की भावना से प्ररित होकर राम के मंगलमय चरित्र का गान प्रायः सभी रचनाओं में किया है। रामचरितमानस लोक-व्यवहार का संचित कोश है। जिसमें गृहस्थ जीवन, संयुक्त परिवार, पति-पत्नी धर्म, भातृत्व प्रेम, सदाचार की नीति के साथ-ही-साथ आदर्श राजधर्म के श्रुति सम्मत सिद्धांत हैं।

तुलसीदास को अपने युग की परिस्थितियों का गहरा अनुभव था। युगीन विशमताओं और विसंगतियों को ठीक से पहचाना था। इन सबको देखकर, परखकर ही उन्होंने रामचरितमानस जैसे काव्य का प्रणयन किया। जिसके माध्यम से हताश भारतीय जनता के मन में नवोन्मेष का संचार किया। आपसी भेद-भाव और वैमनस्य को भुलाकर बिखरी हुई जन-शक्तियों को संगठित किया। उनकी इस असाधारण जीवनदृष्टि एवं लोकचेतना को देखते हुए डॉ आनंद नारायण शर्मा लिखते हैं- तुलसी पर हिंदी भाषा ही नहीं, समूचे भारतवर्ष को गर्व है, उसी प्रकार जिस प्रकार शेक्सपियर पर इंगलैंड को गर्व है। हां, यह और बात है कि दूसरे प्रबुद्ध राष्ट्रों की तरह अपनी चीजों पर गर्व करना भी हम अभी नहीं सीख पाये हैं।

रामचरितमानस में तुलसीदास राम के मनुज रूप लेने कारणों का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होने लगता है, अभिमानियों का वर्चस्व बढ़ने लगता है, विप्र (विवेक प्रधान व्यक्ति), गौ, देवता और पृथ्वी कष्ट पाने लगती है, तब-तब वे मनुष्य रूप धारण करते हैं। यथा-

**जब जब होइ धरम कै हानी।**
**बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।**
**करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी।**
**सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी।।**
**तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा।**
**हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।**

भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में हर पांच साल में नई सरकार बनती है, परंतु गौ, पुथ्वी और विप्र का कल्याण नहीं होता वरन् अभिमानियों का वर्चस्व बढ़ता है। सामाजिक वैमनस्य घटने के बजाय बढ़ने लगता है। ऐसी परिस्थितियों में रामचरितमानस के सान्निध्य में जाना समुन्नत भारत के निर्माण में निश्चय ही सहायक होगा। तुलसी के दशरथ और राम यद्यपि पुरानी शासन-व्यवस्था के राजा हैं, ताथपि वे आधुनिक लोकतांत्रिक भावनाओं के अनुरूप लगते हैं। राजा दशरथ राम का राज्याभिषेक अपने अधिकार से कर सकते थे, किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। जनता-जनार्दन की भावनाओं पर छोड़ दिया और कहा आप सबको जैसा उचित लगे कीजिए। यथा

**जौं पांचहि मत लागै नीका।**
**करहु हरषि हियं रामहि टीका।।**

इतना ही नहीं जब राम चैदह वर्ष का वनवास बिताकर अयोध्या को आये और राज्य के सिंहासन पर बैठे, तब उन्होंने किसी पूर्ण अधिकार प्राप्त शासक (अधिनायक) की भाँति मनमाना आचरण, (निरंकुशता) स्वेच्छाचारिता, तानाशाही को नहीं अपनाया, बल्कि उन्होंने जनमानस को पूरी छूट दे दी। साथ-ही कहा कि यदि मैं राजधर्म के विरूद्ध राज करूं तो आप सभी निर्भय होकर अपनी बात कहिए। यथा-

**जौं अनीति कहु भाषौं भाई।**
**तौ मोहि बरजहु भय बिसराई।।**

आज जन भावनाओं को दबाया जाता है, उन पर जबर्दस्ती कानून थोपे जाते हैं, ताकि वह सुगबुगाहट करने के लायक भी नहीं बचे। ऐसे समय में समुन्नत भारत का निर्माण कैसे संभव है? यह तभी संभव है जब भारतीय जतमानस पुनः राम के दिखाये, सुझाये आदर्शों पर चलने लगेंगे।

समुन्नत भारत के निर्माण में एक और सबसे बड़ी बाधा है- जातिवाद की, छुआछूत की। उन्हें समाप्त किये बिना भारत समुन्नत नहीं हो सकता है। राम के वनवास के उपरांत ब्राह्मण श्रेष्ठ वशिष्ठ निषादराज चांडाल से गले मिलते हैं, उन्हें हृदय से लगाते हैं तो दूसरी ओर क्षत्रिय कुलभूषण राम शबरी के जूठे बेर खाते हैं। यह क्या है? यह है परम्परागत जाति व्यवस्था (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) पर बड़ा प्रहार। जातिवाद, छुआछूत का विरोध तुलसी के मानसेत्तर काव्य में भी मिलता है। यथा-

**धूत कहौ, अवधूत कहौ, राजपूतु कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।**
**काहू की बेटीसों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ।।**
**मेरे जाति-पांति न चहौं काहू की जाति-पांति।**
**मेरे कोऊ कामको न हौं काहूके कामको।**

भारत को समुन्नत बनाने के लिए प्राकृतिक संपदाओं का संरक्षण जरूरी है। परन्तु स्थिति उल्टी है। आज मनुष्य का लालच हावी है। प्रकृति का अंधाधुंध दोहन जारी है। महात्मा गांधी कहा करते थे कि पृथ्वी मनृष्य की हर जरूरत को पूरा कर सकती है, लेकिन वह मनुष्य की लालच को कभी पूरा नहीं कर सकती। प्रकृति के दोहन का दुष्परिणाम हमारे सामने है। मनुष्य काल के गाल में समा रहा है। सम्पूर्ण मानवता के इतिहास पर संकट मंडरा रहा है। रामराज की स्थिति दूसरी थी। उस समय प्रकृति संरक्षित थी। जैसा तुलसी ने स्पष्ट किया है। **यथा-**

**फूलहिं फरहिं सदा तरु कानन।**
**रहहिं एक संग गज पंचानन।।**
**खग मृग सहज बयरु बिसराई।**
**सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई।।**
**कूजहिं खग मृग नाना बृंदा।**
**अभय चरहिं बन करहिं अनंदा।।**

**(लेखक तुलसी अध्ययन केंद्र, चोगा, सोनाहातू, रांची, झारखंड के निदेशक हैं।)**

## ईश्वर को समर्पित एक मात्र कृति हैं रामचरित मानस

### 23 अगस्त तुलसी जयंती

कोरोना महामारी वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती है। इससे भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व प्रभावित है। इस महामारी ने वैश्विक स्तर पर मानवता के अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है। इससे निजात पाने के लिए पूरी दुनिया तत्पर है। कुछ हद तक सफलताएं मिली हैं। पूर्णता की खोज जारी है। रामचरितमानस में चिकित्सीय धर्म का भी एक सुंदर प्रसंग मिलता है। जहाँ मेघनाथ युद्ध-भूमि में छिपकर लक्ष्मण पर शक्ति-बाण चलाता है। लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं।

उस समय विभीषण सलाह देते हैं कि लंका में सुषेण नाम का एक वैद्य रहता है, जो इसका उपचार कर सकता है। हनुमान राम की प्रेरणा से वैद्य को लाते हैं। तब सुषेण शत्रु पक्ष का वैद्य होने की बात कहते हुए चिकित्सा करने से मना करता है। तब राम उन्हें चिकित्सीय धर्म को बतलाते हैं। फिर वह लक्ष्मण की चिकित्सा (उपचार) करता है। कोरोना काल में चिकित्सीय धर्म का ह्रास हुआ है।

## प्रकृति, वन जीवन और मानवीय मूल्यों का मानव से सामंजस्य की अदभुत प्रस्तुति



**आज** वन-जंगल भी सुरक्षित नहीं है। इसलिए वन्य जीव-जन्तु गाँवों तक आ जाते हैं। किसानों के धान, फल, सब्जी को नष्ट करते हैं। झारखंड के गांवों में अब तो हाथियों का आना, फसलों को नष्ट करना आम बात हो गयी है। हाथियों के उपद्रव से ग्रामीण जन प्रभावित हैं। इतना ही नहीं पक्षियों का कलरव भी कम हो गया है। अनेक पक्षियों की प्रजाति विलुप्त होने की कगार में हैं उनमें- चील, गिद्ध, कौआ, गौरेया प्रमुख हैं।

आज हमारी नदियां भी सुरक्षित नहीं है। उनका अस्तित्व खतरे में है। नदियों पर कूड़ा-कचड़ा का अम्बार हो गया है। नदियों की स्वेद जल धारा मैली हो गयीं हैं। ऐसे में समुन्नत भारत की कल्पना कैसे संभव है? रामराज में ऐसी स्थिति नहीं थीं। उस समय नदियाँ साफ-सुथरी और संरक्षित थीं। यथा-

**उत्तर दिसि सरजू बह निर्मल जल गंभीर।**
**बाँधे घाट मनोहर स्वल्प पंक नहिं तीर।।**

भारत को उन्नत बनाने के लिए ऋषि संस्कृति के साथ-साथ कृषि संस्कृति को भी बढ़ावा देनी होगी। हमारे देश में आये दिन समाचार पत्रों, न्यूज चैनेलों के माध्यम से पता चलता है कि आमुक किसान ने आत्महत्या की। किसान आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? इसकी पड़ताल जरूरी है। इस देश की विडंबना है कि कृषि-कार्य करने वालों को समाज उनके सीधेपन, भलेपन के कारण उन्हें हमेशा से हेय दृष्टि से देखती आयी है। उन्हें बेवकूफ समझा जाता है। समाज व देश में किसानों का मसीहा बनकर अपना स्वार्थ साधना करने वालों की भी कमी नहीं है। मानस में वर्णित किसानों की ऐसी दशा नहीं थी। वे उन्नत और समृद्ध थे। यथा-

**ससि सम्पन्न सदा रह धरनी।**
**त्रेता भइ कृतयुग कै करनी।**

भारत की समुन्नोति के लिए पड़ोसी राज्यों से बेहतर संबंध होना भी जरूरी है। हम आये दिन समाचारों के माध्यम से देखते-सुनते आ रहे हैं कि भारत-पाक सीमा पर तनाव हुआ, गोली-बारी हुई। इसलिए पड़ोसी राज्यों से प्रगाढ़ संबंध हो ऐसा सामर्थ्य और शक्ति को भी विकसित करना होगा। मानस में वर्णित कथानुसार अयोध्या का लंका से अच्छा संबंध था।

## भौतिक साधनों की अधिकता से त्रस्त जीवन को त्राण

**डॉ नीलम कुमारी**

भौतिक साधनों की अधिकता, वैज्ञानिक उपक्रमों की प्रचुरता से ही मानवता का कल्याण नहीं हो सकता है। रामचरितमानस में लंका वैज्ञानिक उपलब्धि और समृद्धि का प्रतीक है। किंतु वैज्ञानिक उपलब्धियों के ऊपर रावण जैसे अधर्मी शासक की शासन-व्यवस्था हो तो वहां पर शोषण, स्त्री पर अत्याचार, धर्मचारण करने वाले प्रताड़ित होगें ही। **कह रघुपति सुनु भामिनी बाता।**

**मानउं एक भगति कर नाता।।**
**जाति पाँति कुल धर्म बड़ाई।**
**धन बल परिजन गुन चतुराई।।**
**भगति हीन नर सोहइ कैसा।**
**बिनु जल बारिद देखिअ जैसा।।**

**जब टूटी जा रही थी जन की आश ,घनघोर तिमिर में छाया नैराश्य ,आशा की किरण बन आये रामबोला ,लौटाया जन मानस का विश्वास ,जन नायक ,सुखदायक तुलसी के राम ,तुम्हें मेरा कोटि कोटि प्रणाम ।**

**श्रद्धा अभिभूत सुरम्य संगीतमय ,कलि काल की विभीषिका के मध्य ,राम चरित का अद्भुत गुण गान ,**

**जगाने जन जन में चेतना स्वाभिमान ,जन नायक ,सुख दायक तुलसी के राम,**

**तुम्हें मेरा कोटि कोटि प्रणाम ।**

**जन नायक ,सुखदायक तुलसी के राम , तुम्हें मेरा कोटि कोटि प्रणाम ।**

**भाषा में रच दी 'राम चरित मानस '**

**बंजर भूमि पर बरसा दिया पावस ।**

**मिटा कर गहन कालिमा अमावस ,**

**राज हंस सी कथा विचरी जनमानस ।**

**जन नायक,सुखदायक तुलसी के राम,**

**तुम्हें मेरा कोटि कोटि प्रणाम** ।प्रथम पूज्य गणपति का आशीष ,

**वीणा वादिनी को नवा कर शीश , जिनके मार्ग दर्शक बने केसरी नन्दन।**

# रामचरितमानस के माध्यम से समुन्नत भारत के निर्माण में गोस्वामी तुलसीदास का योगदान

तुलसीदास हिंदी साहित्य के प्रतिमान हैं। उनके रामादर्श समुन्नत भारत के निर्माण में भी प्रेरक और प्रासंगिक लगते हैं। तुलसी हिन्दी के गौरव हैं। आचार्य रामचंद्र शुक्ल के शब्दों में- यदि कोई पूछे कि जनता के हृदय पर सबसे अधिक विस्तृत अधिकार रखनेवाला हिन्दी का सबसे बड़ा कवि कौन है, तो इसका एक मात्र यही उत्तर ठीक हो सकता है कि भारतहृदय, भारतीकंठ, भक्तचूड़ामणि गोस्वामी तुलसीदास।

समुन्नत भारत के निर्माण में संस्कृति की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। संस्कृति का संरक्षण, संवर्द्धन आवश्यक है। स्वतंत्रता के पूर्व भारतीय संस्कृति को कलुशित करने के लिए विदेशी आक्रांता आये, परन्तु असफल रहे। वे यहीं के हो गये। उसी प्रकार यहां की नदियां, सभी दिशाओं से बेगवती रूप से बहती हुई समुद्र में मिल जाती हैं। भारतीय संस्कृति सर्वग्राही है। भारतीय संस्कृति में राम तथा रामकथा का अप्रतिम स्थान है। राम के आदर्शों की चर्चा सभी धर्म, सम्प्रदाय व पंथ के लोग करते हैं। राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणास्रोत हैं। उनके चरित्र से संस्कृति को सीख मिलती हैं। यथा-

अनुज सखा सँग भोज करहीं।
मातु पिता अग्या अनुसरहीं।
प्रातःकाल उठि कै रघुनाथा।
मातु पिता गुरु नावहिं माथा।।
आयसु मागि करहिं पुर काजा।

भारतीय संस्कृति की उदारता सर्वविदित है। यह उदारता हमें राम के चरित्र से मिलती है। मानस के कथानुसार राम विभीषण को यह जानते हुए भी अपनाते हैं कि उनके बड़े भाई रावण ने सीता का हरण किया है। वानरराज सुग्रीव राम को अगाह करते हुए कहते हैं। यथा-

**कह सुग्रीव सुनहु रघुराई**
**आवा मिलन दसानन भाई**
**कह प्रभु सखा बूझिए काहा।**
**कहइ कपीस सुनहु नर नाहा।**
**जानि न जाइ निसाचर माया**
**काम रूप केहि कारन आया।**

सुग्रीव की इतनी बात सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त करते हुए राम कहते हैं कि संसार में जितने भी राक्षस हैं, उन्हें लक्ष्मण क्षण भर में समाप्त कर सकते हैं। इसलिए विभीषण को मेरे पास आने दीजिए। यथा-

**जग महुं सखा निसाचर जेते।**
**लछिमन हनइ निमिष महुं तेते।।**
**उभय भांति तेहि आमहु**
**हंसि कह कृपा निकेत**

भारत को समुन्नत बनाने के लिए भारतीय प्रबुद्ध जनों, साहित्यकारों, जनताओं के बीच वापसी सामंजस्य का होना जरूरी है। किंतु यथा स्थिति ठीक इसके विपरीत है। आज के साहित्यकारों में एक खेमा बन गया है। अपने ही खेमे के रचना व रचनाकारों की प्रशंसा करते हैं, उन्हें आगे बढ़ाते हैं। ऐसे में साहित्य का वास्तविक उत्थान कैसे हो सकता है? जबकि तुलसीदास साहित्य के उद्देश्य को स्पष्ट करते कहते हैं। यथा-

**कीरति भनिति भूति भलि सोई।**
**सुरसरि सम सब कहं हित होई।**
**राम सुकीरति भनिति भदेसा।**
**असमंजस अस मोहि अंदेसा।।**

तुसली कृत रामचरितमानस को पढ़ने के बाद चता चलता है कि उन्होंने राम की कथा में शुरू से अंत तक सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया है। साथ-ही मानवता के निर्माण में सहानुभूति एवं नैतिकता का उच्चतर चरित्र प्रस्तुत किया है। उसमें केवल लोक और शास्त्र का ही समन्वय नहीं है, वैराग्य और गार्हस्थ का, भक्ति और ज्ञान का, भाषा और संस्कृति का, निर्गुण और सगुण का, पुराण और काव्य का, भावावेग और अनासक्त चिंतन का, ब्राह्मण और चांडाल का, पंडित और अपंडित का समन्वय। रामचरितमानस के आदि से अंत दो छोरों पर जानेवाली परा-कोटियों को मिलाने का प्रयत्न है।



### लोक और शास्त्र

**आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते हैं- तुलसीदास के काव्य की सफलता का एक और रहस्य उनकी अपूर्व समन्वय-शक्ति में है। उन्हें लोक शास्त्र दोनों का बहुत व्यापक ज्ञान प्राप्त था। उनके काव्य-ग्रन्थों में जहां लोक-विधियों के सूक्ष्म अध्ययन का प्रमाण मिलता है, वहीं शास्त्र के गंभीर अध्ययन का भी परिचय मिलता है। लोक और शास्त्र के इस व्यापक ज्ञान ने उन्हें अभूतपूर्व सफलता दी।**

समुन्नत भारत के निर्माण में रामचरितमानस की भूमिका अपरिहार्य है। यह एक कालजयी रचना है। शाश्वत जीवन-मूल्य का खजाना है। तत्कालीन समय का प्रामाणिक दस्तावेज है।

युगीन यथार्थ है। जिसका ध्येय है- मानवता की सुरक्षा और वसुधा की रक्षा। तुलसी के दशरथ और राम यद्यपि पुरानी शासन-व्यवस्था के राजा हैं, तथपि वे आधुनिक लोकतांत्रिक भावनाओं के अनुरूप लगते हैं। तुलसीदास ने रामचरितमानस से शंबूक-बध तथा सीता-निर्वासन जैसे प्रसंगों को निकाल दिया है। साथ-ही राम के चरित्र में उदारता, शरणागत-वत्सलता एवं समाज के उपेक्षित, शोषित वर्गों के प्रति आत्मीयता को उनके आधार-ग्रन्थों की अपेक्षा अधिक व्यापक बनाया है। वे सनातन संस्कृति और शाश्वत जीवन मूल्य के प्रतिबद्ध कवि हैं। अतः हम कह सकते हैं कि समुन्नत भारत के निर्माण में भरत की भायप भगति और परहित सरिस धर्म नहिं भाई तथा सीय राम मय सब जग जानी का आदर्श बेहतर हो सकता है।

**(प्रस्तुतिः तुलसी अध्ययन केंद्र, चोगा, सोनाहातू, रांची, झारखंड)**

## नामु राम को कलपतरु कलि कल्यान निवास, जो सिमरत भयो भाग्य ते तुलसी, तुलसीदास



### तुलसीदास जी का जीवन परिचय

तुलसीदास जी का जन्म सन् 1532 में उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के छोटे से गांव राजापुर में हुआ था। कुछ लोग उनका जन्म स्थान सोरों (जिला एटा) भी मानते हैं। बचपन में ही तुलसीदास जी का उनके माता-पिता से बिछोह हो गया इसलिए तुलसीदास जी का जीवन बहुत ही संघर्षमय था। यह माना जाता है कि उन्हें रामभक्ति का मार्ग गुरु कृपा से मिला। तुलसीदास जी मानव मूल्यों के एक उपासक कवि थे। तुलसीदास जी राम जी के भक्त थे और रामचरितमानस उनकी इस अतुलनीय भक्ति का उदाहरण है । वे राम को मानवीय मयार्दा और आदर्शों के प्रतीक मानते थे जिसके माध्यम से तुलसीदास जी ने स्नेह, त्याग, नीति, वीनम्रता, शील जैसे कई और आदर्शों का बखान किया है। उत्तरी भारत की जनता के मध्य बहुत रामचरितमानस बहुत प्रचलित है । राम चरित्र मानस के अलावा उनकी कई और प्रमुख रचनाएं हैं जैसे कवितावली, गीतावली, दोहावली, कृष्णगीतावली, विनयपत्रिका आदि। तुलसीदास जी का अवधी और ब्रज दोनों भाषाओं में ही समान अधिकार था। 1632 में काशी में उनकी मृत्यु हो गई। रामचरितमानस की रचना अवधि में थी वहीं कवितावली और विनयपत्रिका की रचना ब्रज भाषा में । उस समय प्रचलित सभी काव्यों को आप तुलसीदास की रचनाओं में देख सकते हैं।

### तुलसीदास की रचनाएँ

तुलसीदास की कुछ प्रसिद्ध रचनाएँ इस प्रकार हैं :

रचना वर्ष सबंधी भाषा
हनुमानबाहुक 1612 ई. अंतिम रचना
गीतावली 1559 ई.
रामाज्ञा प्रश्न 1612 ई. ज्योतिष-संबंधी सगुनौती
आदि ब्रज व अवधी
दोहावली 1569 ई.
ब्रजभाषा
बरवै रामायण 1612 ई. रामकथा-संबंधी, 69 बरवै
कृष्ण गीतावली 1571 ई.
ब्रजभाषा
वैराग्य संदीपनी 1612 ई. अवधी
रामचरितमानस 1574 ई. अवधी
कवितावली 1612 ई.
रामलला नहछू 1582 ई. सोहर छन्द में नहछू
लोकाचार को वर्णन
अवधी
कृष्णगीतावली 1607 ई.
ब्रजभाषा
विनयपत्रिका 1582 ई.
ब्रजभाषापार्वती मंगल 1582 ई. शिव-पार्वती के
विवाह-संबंधी अवधी
जानकी मंगल 1582 ई. सीता-राम के विवाह-संबंधी

# आयरलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप करने उतरेगी इंडिया

एजेंसी

**डबलिन।** पहले दो मैच जीतकर उत्साह से ओतप्रोत भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 मैच में अपने रिजर्व खिलाड़ियों को मौका देकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करने के लिए उतरेगी। कप्तान जसप्रीत बुमराह को इस मैच में गेंदबाजी के अपने कार्यभार और टीम की बेंच स्ट्रैंथ के साथ तालमेल बिठाना होगा। बुमराह ने पहले दोनों मैचों में आठ ओवर किए जिनमें वह सहज नजर आए। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा जितनी अधिक गेंदबाजी करेंगे उतनी उनकी फिटनेस बेहतर होगी और वह एशिया कप में पाकिस्तान जैसी टीमों का सामना करने के लिए अच्छी लय में होंगे। कप्तान और कार्यवाहक कोच सितांशु कोटक को यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत को एशियाई खेलों में भी भाग लेना है और ऐसे में इस दौरे पर गए रिजर्व खिलाड़ियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत सीरीज में 2-0 से आगे है और ऐसे में टीम प्रबंधन के पास आवेश खान, जितेश शर्मा और शाहबाज अहमद जैसे खिलाड़ियों को आजमाने का मौका है। आवेश वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भी टीम का हिस्सा थे और इस तरह से उन्हें लगातार सात मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है। ऐसे में अगर उन्हें बाहर रखा जाता है तो वह बिना मैच अभ्यास के एशियाई खेलों में भाग लेंगे जो टीम और इस तेज गेंदबाज दोनों के लिए अच्छा नहीं होगा। भारतीय टीम प्रबंधन अगर संजू सैमसन को विश्राम देकर जितेश शर्मा को मौका देता है तो तभी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होगा। सैमसन हालांकि इस टीम में सीनियर खिलाड़ी हैं और वह बाहर नहीं बैठना चाहेंगे क्योंकि विश्व कप के लिए टीम में उनकी जगह अभी पक्की नहीं है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को लगातार मौके मिल रहे हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। ऐसी स्थिति में तीसरे मैच में आवेश खान या मुकेश कुमार को आजमाया जा सकता है। रिंकू सिंह ने दूसरे मैच में 21 गेंदों पर 38 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई जिससे लगता है कि भारत को सबसे छोटे प्रारूप में सूर्यकुमार यादव के बाद एक और फिनिशर मिल गया है। रिंकू, यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड जैसे खिलाड़ी भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश करेंगे क्योंकि भारत को इस प्रारूप में अपनी अगली सीरीज नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलनी है। जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो भारत पर जीत दर्ज करने के लिए उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### एशिया कप में सूर्यकुमार का चयन सही : गंभीर

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कॉमेंटेटर गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव को प्रभावशाली खिलाड़ी बताते हुए एशिया कप टीम में उनके चयन को सही ठहराया है। चयनकताओं ने एक अच्छा काम यह किया है कि सूर्यकुमार यादव को टीम में चुना है। वह भले ही निरंतरता के साथ रन नहीं बनाते लेकिन वह महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। टीम प्रबंधन को उनका इस्तेमाल करने का सबसे कारगर तरीका ढूंढना चाहिए। गंभीर ने इस बात पर भी जोर दिया कि जो खिलाड़ी एशिया कप और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें ही विश्व कप में मौका दिया जाना चाहिए। गंभीर ने कहा, जब आप विश्व कप जीतने की कोशिश कर रहे हों तो किसी जगह खेलने के लिए कोई दावेदार नहीं होता। फॉर्म और प्रभाव मायने रखता है। जो खिलाड़ी फॉर्म में हैं उन्हें चुनने की जरूरत है, न कि उन खिलाड़ियों को जो फॉर्म में नहीं हैं। अगर तिलक वर्मा किसी से बेहतर फॉर्म में हैं, अगर सूर्यकुमार यादव श्रेयस अय्यर या केएल राहुल या ईशान किशन से बेहतर फॉर्म में हैं, तो आपको उस खिलाड़ी को चुनने की जरूरत है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

**आयरलैंड:** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), एंड्रयू बालबर्नी, मार्क अडायर, रॉस अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, थियो वैन वोर्कोम, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।



मैच शुरू: भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे।

## बजरंग, दीपक को विदेश में प्रशिक्षण की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने पहलवान बजरंग पुनिया और दीपक पुनिया को क्रमशः किर्गिस्तान और रूस में प्रशिक्षण हासिल करने की अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि 18 अगस्त को कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक सहयोगी के साथ किर्गिस्तान में 21 अगस्त से 28 सितंबर (39 दिन) तक प्रशिक्षण लेने के बजरंग के प्रस्ताव को कुश्ती उप-समिति की बैठक में चर्चा के लिए रखा गया था। इस बैठक में ओलंपियन दीपक पुनिया के 23 अगस्त से 28 सितंबर (35 दिन) तक रूस में प्रशिक्षण शिविर के लिए अपने कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जाने के प्रस्ताव की भी चर्चा की गई।

## जर्मनी ने फाइनल में भारत को 6-1 से पीटा

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को चतुष्कोणीय टूनार्मेंट डसेलडोर्फ 2023 के फाइनल में मेजबान जर्मनी से 1-6 से हारकर टूनार्मेंट में दूसरे स्थान पर रही। भारत के लिये एकमात्र गोल सुदीप चिरमाको (22वां मिनट) ने किया, जबकि जर्मनी की ओर से फ्लोरियन स्पर्लिंग (15वां मिनट), बेन हस्बैक (20वां मिनट), ह्यूगो वॉन मोंटगेलस (23वां मिनट), फैबियो सेट्ज (38वां मिनट), निकस बेरेन्ड्ट्स (41वां मिनट) और पॉल ग्लैंडर (43वां मिनट) ने गोल किये।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 142 रन से मात

**हंबनटोटा।** हारिस रऊफ (18/5) की अगुवाई में तेज गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में अफगानिस्तान को 142 रन से रौंद दिया। पाकिस्तान की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 47.1 ओवर में 201 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में अफगानिस्तान मात्र 59 रन पर सिमट गई।

## तेंदुलकर को राष्ट्र की पहचान बनायेगा चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी और भारत रत्न से सम्मानित सचिन रमेश तेंदुलकर मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिये चुनाव आयोग के अभियान में नेशनल आइकन (राष्ट्र की पहचान) के रूप में बुधवार से एक नयी पारी शुरू करेंगे।

## विश्व चैंपियनशिप : लक्ष्य तीसरे दौर में, सिंधु बाहर



एजेंसी

**कोपनहेगन।** भारत के युवा प्रतिभावान शटलर लक्ष्य सेन ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को कोरिया के जियोन ह्यूक जिन पर आसान जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली, हालांकि 2019 गोल्ड मेडलिस्ट पीवी सिंधु हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गयीं। लक्ष्य ने मात्र 36 मिनट चले मुकाबले में अपने कोरियाई प्रतिद्वंदी को 21-11, 21-12 से हराया। भारत के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अगले दौर में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न और ब्राजील के य्गोर कोल्हो में से किसी एक से भिड़ेंगे।

दूसरी ओर, महिला युगल के पहले दौर में बाई मिलने के बाद पांच बार की विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट सिंधु दूसरे दौर में जापान की नोजोमी ओकुहारा से 21-14, 21-14 से हारकर बाहर हो गयीं। यह ह्यूक जिन के खिलाफ लक्ष्य का दूसरा मुकाबला था, जबकि इससे पहले एशियाई टीम चैंपियनशिप 2022 में कोरियाई खिलाड़ी ने लक्ष्य पर जीत हासिल की थी। इस बार हालांकि भारतीय खिलाड़ी पहले मिनट से ही हावी रहे। उन्होंने पहले गेम में 5-1 की बढ़त के साथ शुरूआत की और कोरियाई खिलाड़ी की कोशिशों के बावजूद लगातार प्रहार करते हुए ब्रेक तक 11-6 से आगे रहे। उन्होंने लंबी रैलियों में चौकसी दिखाई और सही समय आने पर जोरदार प्रहार करके अंक अर्जित किया। लक्ष्य ने 18-11 की बढ़त मिलने के बाद लगातार तीन पॉइंट स्कोर करते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी ह्यूक जिन के खाता खोलने तक लक्ष्य चार अंक की बढ़त बना चुके थे। रैलियों में संयम दिखाने वाले लक्ष्य ने कोर्ट के बीच में एक सटीक स्मैश मारकर ब्रेक तक छह अंक की बढ़त बनाई। ब्रेक के बाद उन्होंने अनुशासन के साथ खेलते हुए 20-11 की बढ़त बनायी। लक्ष्य की जीत से पहले ह्यूक जिन ने एक पॉइंट अपनी झोली में डाला लेकिन दूसरी कोशिश में भारतीय शटलर विजयी अंक अर्जित करने में सफल रहे। इस बीच, नीदरलैंड की डेबरा जिल और शेरिल सीनेन ने महिला युगल मैच में अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम की भारतीय जोड़ी को 57 मिनट में 21-14, 11-21, 21-14 से मात दी। मिश्रित युगल प्रतियोगिता में जर्मनी के जोन्स जैनसेन और लिंडा एफ्लर ने भारत के वेंकट प्रसाद और जूही देवांगन को मात्र 24 मिनट में 21-12, 21-11 से हराया।

## प्रज्ञानानंद, कार्लसन ने खेला ड्रॉ

एजेंसी

**बाकू।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद ने फिडे विश्व कप फाइनल के पहले गेम में मंगलवार को पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोक लिया। सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानंद के पास कम समय बचा था लेकिन 35 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों की आपसी सहमति से मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर अब बुधवार को काले मोहरों से खेलेंगे और दूसरा गेम ड्रॉ होने पर विजेता का फैसला रैपिड टाईब्रेकर से किया जायेगा। गौरतलब है कि प्रज्ञानंद सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी फाबियानो करुआना को हराकर फाइनल में आ रहे हैं। उन्होंने हमवतन अर्जुन एरिगैसी और दुनिया के नंबर तीन खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा को भी इस नॉकआउट टूनार्मेंट में कड़ी शिकस्त दी थी। करुआना पर दर्ज की गयी जीत के साथ प्रज्ञानंद ने कैंडिडेट्स



टूनार्मेंट में भी अपना स्थान पक्का कर लिया है। प्रज्ञानंद ने बुधवार के गेम पर कहा, (आज) कड़ा संघर्ष होगा। वह (कार्लसन) निश्चित ही बहुत जोर लगायेंगे। मैं आराम करने और तरोताजा रहने की कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि मैं यही कर सकता हूं। कार्लसन ने कहा, आम तौर पर आराम का दिन होने पर मुझे शायद थोड़ा फायदा होता जबकि कल वह एक कठिन टाईब्रेक खेलकर आ रहा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मैं काफी खराब स्थिति में हूं। (निजात) अबासोव के विरुद्ध मुकाबले के बाद मुझे कुछ खाद्य विषाक्तता हो गयी। मैं पिछले दो दिनों से खाना नहीं खा पाया हूं। इसका मतलब यह भी था कि मैं वास्तव में शांत था क्योंकि मुझमें घबराने के लिये ऊर्जा ही नहीं थी।

## अन्नू, साक्षी के गोलों से भारत विजयी



एजेंसी

**सेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने उत्कृष्ट डिफेंस के दम पर मंगलवार को चतुष्कोणीय टूनार्मेंट डसेलडोर्फ 2023 में स्पेन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। अन्नू ने 21वें मिनट में गोल जमाकर भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन लीमा टेरेसा (23वां मिनट) ने जल्द ही स्पेन के लिये स्कोर बराबर कर दिया। अंततः साक्षी राणा ने 47वें मिनट में निर्णायक गोल दागकर भारत को जीत दिलाई। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे के डिफेंस की परीक्षा ली। भारत ने कई मौकों पर गोल करने के मौके बनाये लेकिन स्पेन के मजबूत डिफेंस ने उसे खाता नहीं खोलने दिया। दूसरे क्वार्टर में भी दोनों पक्षों ने ऊर्जा बरकरार रखी और अन्नू ने 21वें मिनट में गोल जमाकर स्कोरशीट पर नाम अंकित करवा लिया। स्पेन ने दो मिनट बाद ही इसका जवाब दिया और लीमा टेरेसा के फील्ड गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। भारत और स्पेन दोनों ने ही तीसरे क्वार्टर में उच्च श्रेणी का डिफेंस किया, हालांकि चौथे क्वार्टर में गोल करने की तत्परता साफ नजर आने लगी। भारत ने बढ़त बनाने की कोशिश में आक्रामक रवैया अपनाया और 47वें मिनट में साक्षी के गोल से उसका प्रयास सफल हुआ। स्पेन ने प्रत्याक्रमण करते हुए मुकाबले में वापसी के प्रयास किये लेकिन अंतिम 13 मिनटों में भारत का मजबूत डिफेंस उसकी जीत में निर्णायक साबित हुआ।

## अवमानना के मामले में न्यायालय ने सिविल सर्जन पर किया शो-कॉज नोटिस

**सीवान।** बिहार के सीवान जिले की एक अदालत ने न्यायालय आदेश की बार-बार अवहेलना करने के मामले में सिविल सर्जन (सिवान) को कारण-पृच्छा नोटिस जारी किया है। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी प्रमोद कुमार पांडे ने जिले के बसंतपुर थाना बाजार स्थित बिना निबंधन के संचालित माँ अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक दीपक राज के विरुद्ध एक शिकायत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीवान के न्यायालय मेंदर्ज कराई थी। इस मामले के आरोपी दीपक राज ने पटना हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए क्रिम. मिस. संख्या- 6620/2023 दर्ज किया था। जिसकी सुनवाई के पश्चात पटना हाइकोर्ट ने मामले को निचली अदालत में भेज दिया।

## सारण में युवक का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार को एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर फोरलेन सड़क के किनारे से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बस्ती ब्रह्मपुर मुहल्ला निवासी पिंटू कुमार के रूप में की गयी है। पिंटू की गला रेतकर हत्या की गयी है।

## ऑटो पलटने से एक की मौत, सड़क जाम

**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के फतेहा एवं चिरंजीपुर गांव के बीच एनएच-28 पर मंगलवार की शाम ऑटो पलट जाने से एक यात्री की मौत हो गई। वहीं आधे दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में कराया जा रहा है। मृतक की पहचान फतेहा निवासी महेन्द्र साह के पुत्र ऋषि कुमार के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दलसिंहसराय से ऑटो चालक यात्रियों को लेकर एनएच-28 के रास्ते बछवाड़ा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान चिरंजीवीपुर एवं फतेहा के बीच दलसिंहसराय से तेघड़ा की तरफ जा रही अज्ञात ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिसके कारण यात्री से भरी ऑटो गड्ढे में पलट गई। इस घटना में ऑटो में सावर सभी यात्री दब गए। ऑटो पलटता देख आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंचकर ऑटो में फंसे यात्री को बाहर निकाल कर इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा। वहीं, गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने दलसिंहसराय अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## हत्या के आरोप में युवक को आजीवन कारावास

**पूर्णिया।** पूर्णिया के तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रचना श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को एक युवती की हत्या का दोषी करार देते हुए एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है ,साथ ही पांच हजार रुपये आर्थिक दंड भी दिया है। पूर्णिया के 24 वर्षीय मोहम्मद साहेब उर्फ बुल्ला पर आरोप था कि उसने एक 19 वर्षीय युवती की हत्या कर शव को हल्दी खेत में छुपा दिया था। घटना 29 अक्टूबर 2019 के सुबह की है। युवती सुबह में बकरी बांधने के लिए खेत गई।युवती के पेट में चाकू या धारदार हथियार से हमला किया गया था और उसी के दुपट्टा से उसका गला घोंट दिया गया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। खोजबीन के दौरान मृतक युवती का शव उसके मां का मिला।

## गया के बेलागंज के बधार में मिला युवक का शव

**गया।** गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में सुबह-सुबह एक युवक की लाश मिली है। युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया है। शव बेल्हाडी गांव के बधार में मिला है। लेकिन, शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं, युवक का शव के मिलने से पूरे इलाके में सनसनी पसरा है। लोग लगातार शव को देखने के लिए आसपास के गांवों से चले आ रहे हैं। वहीं, घटना कि सूचना बेलागंज पुलिस को दी गई है।

# नीतीश कैबिनेट ने बगहा में चीनी मिल और सहरसा में मेडिकल कॉलेज सहित 25 एजेंडों पर लगायी मुहर

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई कैबिनेट की बैठक में बगहा में नयी चीनी मिल और सहरसा में नया मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति सहित कुल 25 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न होने के बाद कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि मेसर्स तिरुपति शुगर लिमिटेड बगहा को चीनी मिल की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। कुल 8000 टीसीडी क्षमता का चीनी उत्पादन इकाई की स्थापना होगी। इसके लिए 56 करोड़ 83 लाख 14 हजार रुपये के निजी पूंजी निवेश की स्वीकृति दी गई है। यह कंपनी उद्योग विभाग से नहीं, बल्कि गन्ना उद्योग विभाग से अनुदान लेगी। चीनी मिल की स्थापना होने पर बिहार में पूंजी निवेश के साथ कुशल कामगारों को काम मिलेगा। सहरसा में नए राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओं पर होने वाले खर्च



के लिए 35 करोड़ 60 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह राशि बिहार आकस्मिकता निधि से खर्च की जाएगी। राजकीय अभियंत्रण एवं राजकीय पॉलिटेक्निक अनुदेशक संवर्ग नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गई है। तिरुपति शुगर लि. बगहा पश्चिम चंपारण को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली की आलोक में वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई है। जमुई में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 5 एकड़ गैर मजरूआ जमीन को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित किया गया है। मुंगेर सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ रोहित निराला को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित पोस्ट एमबीबीएस एवं पोस्ट डिप्लोमा सीट के लिए राज्य सरकार के अधीन कार्यरत चिकित्सकों को सवैतनिक अनापत्ति प्रदान किया गया है। मधुबनी व्यवहार न्यायालय में 15 कोर्ट भवन निर्माण के लिए 31 करोड़ 94 लख रुपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। शेखपुरा में इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण की पूर्व से स्वीकृत लागत राशि 73 करोड़ 13 लाख को बढ़ाकर 110 करोड़ 3 लाख 52 हजार रुपये की गई है। पटना महा योजना-2031 के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ, राज्य उच्च पथ एवं न्यूनतम 30 मीटर चौड़ी सड़क से सटे भूखंडों पर पेट्रोल पंप, गैस स्टेशन एवं अन्य सुविधाओं की अनुमति दी गई है। पटना के सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार के लिए 259 करोड़ 81 लाख की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है एवं बुडको को कार्यकारी एजेंसी नामित किया गया है। गया के बेलागंज में अंबेडकर आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 46 करोड़, सात लाख 97 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

## लालू प्रसाद पर छाता लगाने वाले अधिकारी को निलंबित करे सरकार : सुशील मोदी



**पटना।** राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को कहा कि नीतीश कुमार को फुलवरिया में लालू प्रसाद के मंदिर जाने के समय उन पर छाता लगाने वाले एसडीपीओ को लोकसेवक आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण निलम्बित करना चाहिए। नीतीश बताएं कि अधिकारी ने किसके आदेश पर अनुमंडल से बाहर जाकर लालू प्रसाद की ऐसी सेवा की? सुशील मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद जब मुख्यमंत्री थे, तब आईएएस अफसर से पीकदान उठवाते थे। उन्होंने कहा कि यदि राजद सत्ता में रहा तो बिहार में डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी को भी लालू प्रसाद या उनके परिवार के किसी व्यक्ति का पीकदान उठाना पड़ सकता है। साथ ही कहा कि लालू प्रसाद किसी संवैधानिक पद पर नहीं, बल्कि चारा घोटाला में सजायाफ्ता और जमानत पर हैं। फिर भी उनकी निजी यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन राजद प्रमुख की सेवा में नतमस्तक रहा। सुशील मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद के साथ फुलवरिया में बालू माफिया सुभाष यादव भी था। छाता लगाने वाला एसडीपीओ उनका करीबी रिश्तेदार बताया जाता है। उन्होंने कहा कि इसी सुभाष यादव ने एक ही दिन में राबड़ी देवी के चार फ्लैट खरीद लिए थे। सुभाष के यहां आयकर का छापा पड़ने पर करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति का पता चला था। मोदी ने कहा कि लालू और बालू का रिश्ता काफी पुराना है। इसलिए नीतीश सरकार बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकती है।

## बगहा में दो दिन के लिए नेट सेवा बंद

**बगहा।** बिहार में सोमवार को महावीरी जुलूस निकालने के दौरान दो जिलों में हिंसक झड़प हो गई। बगहा और मोतिहारी के तीन ब्लॉक्स में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। बगहा में हालात ज्यादा बिगड़े थे। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर 2 बजे से 24 अगस्त की दोपहर 2 बजे तक के लिए नेट बंद कर दिया गया है। लोग किसी भी सोशल साइट्स का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। यहां हनुमान जी की मूर्ति तोड़ने की अफवाह पर हंगामा शुरू हुआ था। कई गाड़ियों में आगजनी की गई थी। मंगलवार सुबह भी यहां स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। पत्रकारों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि मूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है। आम लोगों के साथ हमने मूर्ति का विसर्जन कर दिया है। DM दिनेश राय यहां के हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। लोगों से शांति बरतने की अपील की जा रही है। बगहा शहर के अलग-अलग इलाकों में 500 जवानों की तैनाती की गई है। मोतिहारी के मेहसी, कल्याणपुर और दरपा थाना इलाकों में झंडा के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान दोनों तरफ से ईंट-पत्थर भी चले, लेकिन समय रहते पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और बवाल को आगे नहीं बढ़ने दिया। जिले के इन तीनों इलाकों में मंगलवर को शांति है। पुलिस कैंप कर रही है।

## नालंदा में सड़क हादसा, किसान की मौत

**नालंदा।** नालंदा के बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर मंगलवार को फिर से तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में 2 लोगों की अज्ञात वाहन से कुचल कर मौत हो गई। मामला रहूई थाना क्षेत्र अंतर्गत एसएच 78 बिहटा-सरमेरा टू-लेन के सोनसा सलमाबाद गांव के समीप की है। मृतक की पहचान सोनसा गांव निवासी स्व. द्वारिका गरांय के (48) वर्षीय पुत्र मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोज गरांय के रूप में की गई है। मनोज कुमार सिंह के पड़ोसी ने बताया कि पटवन कार्य को लेकर मनोज कुमार खेत की ओर जा रहे थे। तभी सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।

## पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड का छठा नामजद आरोपित माधव यादव गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया के रानीगंज के प्रखंड पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड मामले में नामजद अंतिम और फरार छठा आरोपित माधव यादव उर्फ लाट साहब को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित माधव यादव उर्फ लाट साहब रानीगंज के कोशिकापुर का रहने वाला है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी काली मंदिर रोड खरैया बस्ती के पास से मंगलवार के सुबह में की है। चौबीस घंटे के भीतर चार नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पांचवां नामजद आरोपित अर्जुन शर्मा को बीती देर रात जोगबनी के चाणक्या चौक के समीप से गिरफ्तार किया था। हत्याकांड के आरोपित रानीगंज के बेलसरा निवासी अर्जुन शर्मा का आपराधिक इतिहास पुराना रहा है। यह 2019 में भी रानीगंज थाना में हत्याकांड के आरोपित रहा है। आरोपित माधव यादव उर्फ लाट साहब के खिलाफ रानीगंज थाना में चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें हत्या,लूट,रंगदारी के मामले दर्ज है। इस मामले में दो अन्य आरोपित पहले से ही जेल में बंद है। जिनमें रुपेश यादव सुपौल जेल में और क्रांति यादव अररिया जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद है।

## रोहतास में कार से 30 किलो गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**रोहतास।** बिहार में रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में मंगलवार को कार से 30 किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दिनारा थाना क्षेत्र में एक वाहन से गांजा तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही दिनारा थाने की पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने थाना क्षेत्र के कुंड चौक के पास वाहनों को रोक कर तलाशी शुरू की। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में सासाराम की ओर से आ रहे एक संदिग्ध होंडा सिटी कार को रोकने का इशारा किया गया। लेकिन वाहन चालक द्वारा कार को तेजी से भगाने का प्रयास किया गया। पुलिस की तत्परता से उक्त वाहन को पकड़ लिया गया। श्री कुमार ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के मीठोपुर निवासी धनंजय कुमार, डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डिलिया निवासी अनूप कुमार व नटवार थाना क्षेत्र के महीरोढ गांव निवासी सोनू कुमार को 30 किलो 26 ग्राम गांजा, 1लाख 99500रुपए नगद बरामद किया गया। कार एवं चार मोबाइल जप्त किया गया । तीनों के अपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## एसकेएमयू परिसर में शिफ्ट हुआ उर्दू, बांग्ला और संस्कृत पीजी विभाग

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के तीन स्नातकोत्तर विभागों को विश्वविद्यालय के दिग्घी कैंपस में शिफ्ट कर दिया गया। ज्ञात हो अब तक विश्वविद्यालय का तीन स्नातकोत्तर विभाग उर्दू, बंगला और संस्कृत एसपी कॉलेज, दुमका में संचालित था। अब विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर उक्त तीनों विभागों को विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व के परीक्षा विभाग भवन में हस्तांतरित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने कहा तीनों विभाग विश्वविद्यालय कैंपस में शिफ्ट हो जाने से विभाग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिक परिवेश मिलेगा।

## सैनिक स्कूल तिलैया में डीडीसी ने की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया सभागार में डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गई। सर्वप्रथम पूर्व में किये गये बैठकों में लिए गए प्रस्तावों पर कृत कार्रवाई की समीक्षा की। तत्पश्चात सैनिक स्कूल के हीरक जयंती के अवसर पर महामहिम राज्यपाल महोदय का आगमन होना है। आगमन को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही भवन निर्माण विभाग एवं विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से सैनिक स्कूल के संबंध में लिए गए प्रस्तावों पर यथाशीघ्र कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। बैठक में प्राचार्य, सैनिक स्कूल तिलैया, बीडीओ, सीओ एवं संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर पर्षद् झुमरीतिलैया, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## जनता दरबार का हुआ आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत अंचल परिसर सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक उपस्थित थे। इन लोगों के समक्ष जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित बिरधा पेंशन से संबंधित मामले आया। जिसका ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर उपस्थित जेएसएलपीएस से बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को दो वर्ष तीन महीने की सजा

**सहरसा।** न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने सौर बाजार थाना में आर्म्स एक्ट के मामले में अभियुक्त शशि कुमार को दो माह तीन माह की जेल की सजा सुनाई है। तीन हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस पुलिस अवर निरीक्षक सत्येंद्र कुमार के द्वारा समदा बाजार से उत्तर सहरसा की ओर जाने वाली सड़क पर पोखर के पास संध्या गश्ती के दौरान अभियुक्त शशि के पैंट के पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया था। पुलिस ने इस मामले में आर्म्स एक्ट की धारा के तहत शशि कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# आशीष डे हत्याकांड से गैंगस्टर अखिलेश बरी

## 16 वर्ष पूर्व दिन दहाड़े साकची आम बगान मस्जिद के पास कर दी गयी थी हत्या

### जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे- 4 राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत ने सुनाया फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड की पहली फुटवियर कंपनी श्रीलेदर्स परिवार के सदस्य आशीष डे हत्याकांड में 16 साल बाद जमशेदपुर कोर्ट ने आज एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए सबूत के अभाव में गैंगस्टर अखिलेश सिंह को मामले से बरी कर दिया। आशीष डे हत्याकांड में जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे- 4 राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत ने आज फैसला दिया।



स्व. आशीष डे।



गैंगस्टर अखिलेश सिंह।

आशीष डे हत्याकांड में गैंगस्टर अखिलेश सिंह के भाई अमलेश सिंह, होटल सिटी इन के मालिक विनोद सिंह, पप्पू डॉन समेत अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ये सभी लोग अभी हाई कोर्ट से बेल पर है।

गैंगस्टर अखिलेश सिंह की ओर से जमशेदपुर कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश झा ने बहस की जबकि उनके सहयोग में अधिवक्ता विद्या सिंह भी मौजूद थे। इस मामले में 16 लोगों की गवाही हुई थी।

आपको बता दें की श्रीलेदर्स के मालिक की हत्या 2 नवंबर 2007 को साकची आम बागान के पास उस वक्त गोली मारकर कर दी गई थी जब वे स्कूटी से अपने घर से साकची शो रुम के लिए निकले थे। मैनेजर तापस पाल की शिकायत पर साकची थाने में मामला दर्ज कराया गया था। मामले में अमलेश सिंह, विनोद सिंह और अमित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

बाद में इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से अमलेश्वर विनोद सिंह को जमानत मिल गई थी जबकि जमशेदपुर कोर्ट में अखिलेश सिंह के खिलाफ अलग से मामला चल रहा था। अखिलेश पर आरोप था उसने साजिश के तहत हत्या करवा दी। इस मामले में अखिलेश के गुरु विक्रम शर्मा भी आरोपी थे जिनको के अभाव में बरी कर दिया गया है।

## लालू पर छाता लगाने वाले अधिकारी को निलंबित करे सरकार : मोदी

**पटना (हि.स.)।** राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को कहा कि नीतीश कुमार को फुलवरिया में लालू प्रसाद के मंदिर जाने के समय उन पर छाता लगाने वाले एसडीपीओ को लोकसेवक आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण निलम्बित करना चाहिए। नीतीश बताएं कि अधिकारी ने किसके आदेश पर अनुमंडल से बाहर जाकर लालू प्रसाद की ऐसी सेवा की? सुशील मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद जब मुख्यमंत्री थे, तब आईएएस अफसर से पीकदान उठवाते थे। उन्होंने कहा कि यदि राजद सत्ता में रहा तो बिहार में डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी को भी लालू प्रसाद या उनके परिवार के किसी व्यक्ति का पीकदान उठाना पड़ सकता है। साथ ही कहा कि



लालू प्रसाद किसी संवैधानिक पद पर नहीं, बल्कि चारा घोटाला में सजायाफ्ता और जमानत पर हैं। फिर भी उनकी निजी यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन राजद प्रमुख की सेवा में नतमस्तक रहा। सुशील मोदी ने कहा कि लालू प्रसाद के साथ फुलवरिया में बालू माफिया सुभाष यादव भी था। छाता लगाने वाला एसडीपीओ उनका करीबी रिश्तेदार बताया जाता है।

## ठेकेदार राजीव हत्याकांड में मोतिहारी की मेयर के पति समेत 5 नामजद, एक शूटर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले के चकिया में हुए ठेकेदार राजीव रंजन उर्फ कन्हैया यादव हत्याकांड में पुलिस ने मृतक ठेकेदार की मां के आवेदन पर मोतिहारी नगर निगम की मेयर प्रीति गुप्ता के पति देवा गुप्ता समेत पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही कार्रवाई करते हुए एक शूटर को गिरफ्तार किया है।जिससे पूछताछ की जा रही है।ठेकेदार की मां किशोरी देवी द्वारा दिये आवेदन में कहा गया है,कि मेरे बेटे की हत्या पीपराकोठी थानाक्षेत्र के पुष्कर सिंह और कोटवा थानाक्षेत्र के रूपेश सिंह, भागलपुर जेल में बंद कुड़िया गांव निवासी कुणाल सिंह, गोविंदगंज थानाक्षेत्र के एक मुखिया पति राहुल सिंह और मोतिहारी नगर निगम की



मेयर प्रीति गुप्ता के पति देवा गुप्ता ने किया है। इन सभी को नामजद करते हुए एफआईआर में मृतक की मां किशोरी देवी ने कहा है,कि रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पावर हाउस चौक पर मैं अपने बेटे राजीव रंजन के साथ सब्जी खरीद रही थी। इसी दौरान अपाची पर सवार तीन-चार लड़के बगल से गुजरे। थोड़ी दूर आगे जाकर दोबारा वापस आकर पूछने लगे कि राजीव भैया के घर जाना है।इस दौरान उनका बेटा राजीव ने दो युवक पुष्कर सिंह और रूपेश सिंह को पहचान लिया। बोला कि क्या बात है, मैं ही राजीव हूं। इतना बोलते ही पुष्कर सिंह ने राजीव को गोली मार दी। राजीव को पहली गोली लगने के बाद पुष्कर सिंह और रूपेश सिंह ने राजीव पर दोबारा गोली चलाई। किशोरी देवी ने कहा है,कि उनके बेटे राजीव ने कहा था कि अङ-47 के साथ गिरफ्तार होने के बाद से कुणाल सिंह को लगता है कि उसकी गिरफ्तारी मेरे इशारे पर हुई है।वही राजीव ने केसरिया में ठेकेदारी के लिए टेंडर डाला था। इससे मुखिया पति राहुल सिंह और मेयर पति देवा गुप्ता को नाराजगी थी। दोनों ने टेंडर नही डालने को कहा था। इसी कारण उक्त सभी राजीव से नाराज थे।

## टाटा स्टील माइनिंग को एसएचइ उत्कृष्टता पुरस्कार

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील माइनिंग की सुकिंदा क्रोमाइट माइन ने देश के अग्रणी उद्योग निकाय, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र द्वारा मंगलवार को कोलकाता में आयोजित 17वें सुरक्षा संगोष्ठी और प्रदर्शनी में प्रतिष्ठित सीआईआई एसएचई उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। कंपनी को सुरक्षित और सस्टेनेबल कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में अथक प्रतिबद्धता के लिए खनन क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तर के विजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दो दिवसीय कार्यक्रम में कंपनी की ओर से असिस्टेंट जेनरल मैनेजर (एसएचई) ठाकुर अजय कुमार




विश्वंभरनाथ, डिवीजनल मैनेजर (प्लांट) सुभेंदु नस्कर और टाटा स्टील माइनिंग के मैनेजर (माइनिंग) मोहम्मद मुजाहिद ने पुरस्कार प्राप्त किया। टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) के प्रबंध निदेशक, पंकज सतीजा ने कहा, हम हमेशा अपने कार्यबल की भलाई सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। मैं हमारे परिचालनों में और उसके आसपास के समुदायों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय अभ्यासों के सर्वोच्च मानक को बनाए रखने के हमारे अथक प्रयासों को पहचानने के लिए जूरी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।₹ यह पुरस्कार टीम को और सुधार के लिए प्रेरित करेगा, सतीजा ने आगे कहा कि टीएसएमएल अपने परिचालन में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी विचारों को एकीकृत करना जारी रखेगा।

## चंद्रायन -3 की लैंडिंग में योगदान दे रहा शहर का आयुष झा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की लैंडिंग है और इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों की टीम में झारखंड के युवा वैज्ञानिक आयुष झा भी शामिल हैं। पिता ललन कुमार झा चक्रधरपुर में प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे। मां विनीता झा गृहिणी हैं।

आयुष झा ने पश्चिमी सिंहभूम के जवाहर नवोदय विद्यालय से दसवीं करने के बाद डीएवी बिष्टुपुर से 12वीं किया। जेईई में सफल होने के बाद इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी तिरुवनंतपुरम से ग्रेजुएशन किया। फिर 2016 में इसरो के स्पेस एप्लिकेशन सेंटर



इसरों का वैज्ञानिक आयुष झा।

अहमदाबाद में साइंटिस्ट के रूप में ज्वॉइन किया। शुरूआत में चंद्रयान-2 के रडार के विकास पर काम किया। चंद्रयान-3 के रडार विकास के साथ उसकी लैंडिंग और रियूजेबल लॉन्च व्हीकल मिशन पर काम कर रहे हैं। अभी इस्ट्रैक बेंगलुरू में हैं, जहां सेटेलाइट लॉन्च होने के बाद सारा ऑपरेशन होता है।

## नक्सलियों ने वैद्य की हत्या कर घर को फूंका, एक को किया अगवा

**पश्चिम सिंहभूम (हि.स.)।** पश्चिम सिंहभूम के कोल्हान जंगल में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने एक ग्रामीण वैद्य की हत्या कर दी जबकि एक ग्रामीण का घर भी जला दिया है। कुछ ग्रामीणों के अगवा होने की भी आशंका है। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने सोमवार की रात टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातु के वैद्य सुपायी मुंडकेन की हत्या कर दी। बताया जा रहा है सुपायी मुंडकेन जड़ी बूटी लाने जंगल गया था। इसी दौरान नक्सलियों ने उनकी हत्या कर दी है। इस घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने वैद्य के भाई के साथ मारपीट भी की है। इसके बाद नक्सलियों ने रेंगड़ाहातु में स्थित मानसिंह कोड़ा के घर को भी जला दिया है। बताया जाता है कि गोइलकेरा थाना क्षेत्र कुईड़ा गांव के एक ग्रामीण का भी नक्सलियों ने अपहरण कर लिया है। अपहरण के बाद ग्रामीण को नक्सली द्वारा जंगल के अन्दर ले जाया गया है। नक्सलियों के बढ़ते हिंसक घटनाओं से कोल्हान जंगल में दहशत कायम हो गया है। इस संबंध में मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि एक व्यक्ति की हत्या हुई है और पुलिस इसकी जांच कर रही है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस के बड़े पैमाने में अभियान चल रहा है।

## रामकृष्णा फोर्जिंग ने जेएमटी ऑटो को किया अधिग्रहण

### जेएमटी के सभी सात प्लांट का लियाजेएमटी के सभी सात प्लांट का लिया मालिकाना मालिकाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी के रूप में अपनी पहचान स्थापित करनेवाली जेएमटी ऑटो लिमिटेड कंपनी के जमशेदपुर और धारवाड़ स्थित सभी सात प्लांट को आदित्यपुर की कंपनी रामाकृष्णा फोर्जिंग ग्रुप ने अधिग्रहित कर लिया है। दिवालिया हो चुकी जेएमटी ऑटो पर अभी दिल्ली की एम टेक ग्रुप के पास मालिकाना था किन्तु कंपनी पर काफी कर्ज हो जाने के बाद इसके सभी प्लांट बंद थे। गत सोमवार को एनसीएलटी में रामाकृष्णा फोजिंग ने सबसे अधिक बोली लगाकर खरीद लिया था, जिसके बाद से कंपनी अधिग्रहण को लेकर मामला नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में लटका हुआ था। सोमवार को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल कोर्ट में इस ममाले के सुनवाई के दौरान रामाकृष्णा फोर्जिंग के पक्ष में मंजूरी दे दी है।

बता दें कि दिवालिया हो चुकी जेएमटी ग्रुप को लेने के लिए रामाकृष्णा फोजिंग ग्रुप ने सबसे अधिक बोली लगाकर कंपनी को लेने की रुचि दिखाई थी। बीएसई में सूचीबद्ध जेएमटी ऑटो ने एक्सचेंज को भेजी सूचना में कहा कि आईबीसी की शर्तों के मुताबिक दो समाधान योजनाओं पर 19 नवंबर, 2022 को ई- वोटिंग हुई थी। जिसका परिणाम इसी वर्ष 16 जनवरी, 2023 को रामाकृष्णा फोर्जिंग के पक्ष में दिया गया था। इसके बाद अधिग्रहण का मामला एनसीएलटी कोर्ट दिल्ली में चल रहा था जिसकी सुनवाई पूरी होने के बाद सोमवार को रामाकृष्णा फोर्जिंग कंपनी के पक्ष में फैसला दिया गया है।

कंपनी पर अपने सप्लायरों और ट्रांसपोर्टरों का 60 करोड़ और कर्मचारियों का 25 करोड़ रुपया वेतन बकाया है। इन सभी को उम्मीद जगी है कि उनका बकाया मिल सकेगा।

## गुरु ग्रन्थ साहिब के प्रकाशोत्सव पर इस वर्ष होगा विशेष समागम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह ने घोषणा की है कि साकची की सिख संगत को नवीनीकृत वातानुकुलित साकची गुरुद्वारा संगत की सेवा में समर्पित करेंगे और इस अवसर पर गुरु ग्रन्थ साहिब के प्रकाशोत्सव पर विशेष समागम का आयोजन 15 और 16 सितम्बर को किया जायेगा।

इस घोषणा से पूर्व सरदार निशान सिंह ने साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (एसजीपीसी) के सदस्यों और पदाधिकरियों के साथ बैठक कर की जाने वाली तैयारियों का जायजा लिया। सरदार निशान



सिंह ने तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए। प्रधान सरदार निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है आगामी 15 और 16 सितम्बर को साकची गुरुद्वारा में गुरु ग्रन्थ साहिब का पहला प्रकाशोत्सव मनाया जायेगा जो की एक विशेष आयोजन होगा। इस आयोजन के साथ ही साकची गुरुद्वारा का नवीनीकृत रूप संगत को समर्पित किया जायेगा। सुखविंदर सिंह निक्कू और जसबीर सिंह गाँधी ने बताया कि समागम में पंजाब के कीर्तनी जत्थे संगत को मधुर सबद-कीर्तन से निहाल करेंगे। जोगिन्दर सिंह जोगी और सतनाम सिंह घुम्मन ने बताया कि इस दौरान एक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी जिसका नेतृत्व सिख स्त्री सत्संग सभा और सुखमनी जत्था की बीबीयां करेंगी।

समागम के सफल आयोजन को लेकर ताज सिंह और सुरजीत सिंह छीते ने अपील की है कि जमशेदपुर की समस्त सिख संगत इस विशेष समागम के आयोजन का हिस्सा बने। बैठक में सरदार निशान सिंह ने अध्यक्षता की जबकि परमजीत सिंह काले, जसबीर सिंह गांधी, सुरजीत सिंह छीते, जोगिंदर सिंह जोगी, सतिंदर सिंह रोमी, जगमिंदर सिंह, बलबीर सिंह धंजल, कृतजित सिंह रॉकी, मनोहर सिंह मित्ते, अवतार सिंह, सरबजीत सिंह, अमरपाल सिंह सिख स्त्री सत्संग सभा की बीबी मनजीत कौर, बीबी चरण कौर, बीबी अमरीक कौर सुखमनी साहिब कीर्तनी जत्था की बीबी जोगिंदर कौर, बीबी रणजीत कौर और बीबी राजबीर कौर उपस्थित रहीं।

## गम्हरिया : सड़क दुर्घटना में दो की गई जान

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत दो लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना देर रात टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया के पिंडराबेड़ा के समीप हुई जिसमे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा जाने के कारण छोटा गम्हरिया निवासी दिलीप महतो गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि वह अपने बाइक से कांड्रा से गम्हरिया की ओर आ रहा था। इसी दौरान उसका बाइक डिवाइडर से टकरा गया जिससे गिरकर वह घायल हो गया। दूसरी घटना जिसमें एक टीवीएस चालक द्वारा साइकिल में टक्कर मार दिए जाने के कारण एक युवती घायल हो गई।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती विषय पर प्रसार कार्यकर्ताओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मौके पर डॉ राजीव कुमार ने प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ जैसे मृदा स्वास्थ्य में सुधार, उत्पाद का बाजार मूल्य अधिक, पर्यावरण हितैसी, खेती के लिए खाद, दवाई आदि पर निर्भरता नहीं आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके मुख्य चार पिलर है। बीजामृत, जीवामृत, वापसा एवं मलिं्चग। बीजामृत से बीजों का उपचार किया जाता है। जिससे स्वस्थ पौधों का अंकुरण होता है। वहीं जीवामृत एवं घनजीवामृत पोषक तत्वों का स्रोत के रूप में कार्य करता है।

मलिं्चग खरपतवार नियंत्रण तथा मिट्टी में नमी बनाए रखने में सहायक होता है। वापसा विधि में मिट्टी में हवा एवं नमी का उचित मात्रा को बनाये रखने में मदद करता है। कीटनाशक जैसे अग्निशास्त्र, ब्रह्मशास्त्र, निमास्त्र आदि का प्रयोग फसलों में लगने वाले किट को प्रबंधन में उपयोग किया जाता है। वही खट्टी लस्सी आदि का उपयोग पौधों में लगने वाले रोगों के प्रबंधन में उपयोग किया जाता है। मौके पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सुषमा, ललिता बाखला, डॉ अमरेशचंद्र पाण्डेय, फार्म मैनेजर विंध्याचल राम थे।

## पेज 1 का शेष

### आज चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग...

**1.68 किमी प्रति सेकंड की गति से बढ़ेगा लैंडर :** इसरो मुख्यालय के कंट्रोल रूम से विक्रम लैंडर 25 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा की सतह की ओर उतरना शुरू करेगा। विक्रम लैंडर 1.68 किमी प्रति सेकंड यानि 6048 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ेगा। इसके बाद विक्रम लैंडर अपने सभी इंजनों के चालू होने के साथ धीमा हो जायेगा। विक्रम लैंडर को चंद्रमा की सतह पर वर्टिकल किया जायेगा, इसके साथ ही 'फाइन ब्रेकिंग चरण' शुरू होगा। विक्रम लैंडर के पैर इस तरह से डिजाइन हैं कि यह ज्यादा से ज्यादा वेग सह सके। यह तीन 3 मी/सेकंड या लगभग 10.8 किमी प्रति घंटा का वेग सह सकता है। एक बार जब पैरों पर लगे सेंसर चंद्रमा की सतह को महसूस कर लेंगे, तो इंजन बंद हो जायेंगे और मुश्किल समय कट जायेगा। इसके बाद रैंप खुलेगा फिर प्रज्ञान रोवर धीरे-धीरे नीचे की ओर लुढ़कता हुआ बाहर आयेगा। एक बार जब प्रज्ञान रोवर चंद्रमा की सतह पर पहुंच जायेगा और रोवर चंद्रमा की सतह के चारों ओर घूमने के लिए स्वतंत्र हो जायेगा। इसके बाद विक्रम लैंडर रोवर की तस्वीरें लेना शुरू कर देगा।

### फ्रेट रेट में संशोधन कर...

**रैक प्वाइंट निर्माण की कई बार की है मांग :** श्री बादल ने कहा कि रैक प्वाइंट निर्माण की बात उन्होंने पिछले वर्ष भी रखी थी, लेकिन अभी तक इस विषय पर कोई पहल नहीं हुई है। झारखंड राज्य एक सेमी हिल एरिया है, जिस वजह से उर्वरक का फ्रेट रेट काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसका सीधा बोझ किसानों पर पड़ता है। केंद्रीय मंत्री से फ्रेट रेट में संशोधन कर झारखंड को राहत देने का आग्रह किया। अभी जो फ्रेट रेट है, वह काफी कम है। केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि झारखंड के किसानों के हित में और उन्हें समृद्धि की ओर ले जाने की मांग पर गंभीरता के साथ कार्य किया जायेगा। **उर्वरक देने का भरोसा :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी प्रदेश में नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि अपनी माटी को सुरक्षित किया जा सके। देश के पास करीब डेढ़ लाख मीट्रिक टन फर्टिलाइजर उपलब्ध है। मांग के अनुरूप सभी राज्यों को फर्टिलाइजर उपलब्ध कराया जायेगा। सभी राज्य यह सुनिश्चित करें कि यूरिया का डायवर्सन न हो। अगर राज्य यूरिया पर निर्भरता कम करते हैं, तो इससे बचने वाली राशि के 50 फीसदी से किसान हित में कई नई योजनाएं संचालित होंगी।

### जलस्रोतों के पास से...

साथ ही इन वाटर बॉडी में किसी तरह का गंदगी ना जाए इसे लेकर पंपलेट बांटकर, विज्ञापन के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया है। बड़ा तालाब में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सिविल वर्क करीब 65 फीसदी हो चुका है और मैकेनिकल कार्य भी करीब 35 फीसदी कार्य हो चुका है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को 3 माह का समय राजधानी के जल स्रोतों जैसे कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था, अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी। दरअसल, प्रार्थी खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है, वही रांची के जल स्रोतों यथा कांके डैम, धुर्वा डैम एवं गेतलसूद डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था।

### गुरुजी और अविनाश पांडेय...

वहीं कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, राजद नेता सत्यानंद भोक्ता, झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक सरफराज अहमद, बसंत सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, मथुरा प्रसाद महतो, सीता सोरेन, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, कुमार जयमंगलम, दीपिका सिंह पांडेय, माले विधायक विनोद सिंह भी स्टार प्रचारकों में हैं। इनके अलावा संजय यादव, सांसद खीरू महतो, विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद पिंटू, कांग्रेस नेता ममता देवी, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित संजय यादव, निजामुद्दीन अंसारी भी स्टार प्रचारक की लिस्ट में हैं।

### रांची बनेगी देश के पहले वीमेंस...

**एमओयू के साथ लोगो का अनावरण :** मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एक कार्यक्रम में राज्य सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ इस आयोजन के लिए करार किया। सरकार आर्थिक सहयोग के रूप में इस आयोजन के लिए 20 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मौके पर राज्य के झारखंड के पर्यटन, कला संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन मौजूद थे। राज्य सरकार की ओर से हॉकी इंडिया को 10 करोड़ का चेक सौंपा गया। क्रॉस हॉकी स्टिक और मेमेंटो के साथ झारखंड वीमेंस एशिया चैंपियंस लिखा लोगो का भी अनावरण किया गया। हॉकी इंडिया के चेयरमैन पद्मश्री सह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दिलीप तिर्की और ने कहा कि हॉकी में देश की महिला खिलाड़ी लगातार बेहतर कर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम बचपन से ही जयपाल सिंह मुंडा, सिलवानुस डुंगडुंग, माइकल किंडो जैसे झारखंड के खिलाड़ियों का नाम सुनकर बड़े हुए और हॉकी में अपनी पहचान बनायी। **रांची में लंबे समय बाद हो रहा बड़ा आयोजन :** भोला सिंह ने कहा कि रांची ने इससे पहले 2012 से 2015 तक कई हॉकी इंडिया लीग मैचों की मेजबानी की है और यह सिटी बेस्ड फ्रेंचाइजी रांची रेज का घरेलू मैदान भी है। हाल के वर्षों में इस स्टेडियम में कई घरेलू स्तर के आयोजन हुए हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि इस शहर में इस खेल के लिए एक बड़ा फैन बेस है। झारखंड का हॉकी का इतिहास समृद्ध रहा है, इसने सात ओलंपिक खिलाड़ी दिये हैं। इनमें जयपाल सिंह मुंडा, सिलबानुस डुंगडुंग, मनोहर टोपनो, अजीत लकड़ा, निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, माइकल किडो और मरांग गोमके शामिल हैं।

